

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 332

ग्वालियर, सोमवार 22 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## अगले माह एससीओ समिट से इतर हो सकती है पीएम मोदी व शी के बीच बैठक

**नई दिल्ली।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले माह उज्बेकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक कर सकते हैं। उम्मीद है कि इस आयोजन से भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों की शुरुआत हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग दोनों देशों के बीच जारी मतभेदों को किनारे रखकर द्विपक्षीय हितों पर बातचीत कर सकते हैं।

भारत और चीन दोनों ने अभी तक आधिकारिक तौर पर 15-16 सितंबर के दौरान समरकंद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए अपने नेताओं की व्यक्तिगत भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपरीत, जिन्होंने इस साल कई बहुपक्षीय और द्विपक्षीय बैठकों के लिए विदेश यात्राएं की हैं, शी जिनपिंग ने जनवरी 2020 के बाद से चीन से बाहर कदम नहीं रखा है।



हालांकि, शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, शी क्षेत्रीय सुरक्षा ब्लॉक की बैठक के लिए समरकंद की यात्रा कर सकते हैं और ताइवान को लेकर अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर सकते हैं। शिखर सम्मेलन के आयोजन में शामिल लोगों के हवाले से रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शी जिनपिंग की भारत और पाकिस्तान के नेताओं के साथ भी ऐसी ही बैठकें हो सकती हैं। हालांकि, इसमें कहा गया है कि उनकी यात्रा योजनाओं को लेकर अब भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है और वह वर्चुअली भी भाग लेना चुन सकते हैं। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, पुतिन समरकंद में एक व्यक्तिगत शिखर सम्मेलन के इच्छुक हैं, जो अन्य बातों के अलावा, अफगानिस्तान में सुरक्षा और मानवाधिकार की स्थिति पर ध्यान केंद्रित करेगा। शिखर सम्मेलन के लिए पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के भी उज्बेकिस्तान जाने की उम्मीद है। यदि सभी नेता व्यक्तिगत रूप से शिखर सम्मेलन में भाग लेते हैं, तो लगभग तय है कि पीएम मोदी पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे और संभवतः शी के साथ भी। जबकि पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर डिसएंगेजमेंट की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि मई 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध को कई बिंदुओं पर सुलझा लिया गया है।

## गोवा में बढ़े कोरोना केस, गणेश चतुर्थी पर भीड़ देख परेशान हुई राज्य सरकार

**पणजी।** गणेश चतुर्थी नजदीक आ गई है। गोवा में इसकी तैयारियां जोरों पर जारी हैं। गोवा में बड़ी संख्या में लोग बाजारों में उमड़ते हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बाजार में जुटने वाली इस भीड़ को लेकर चिंता जताई है। राज्य में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार शनिवार को 172 नए मामले सामने आए, जबकि सक्रिय मामले 932 हैं, जो चिंता का विषय है। गणेश चतुर्थी, जिसे स्थानीय रूप से चवथ कहा जाता है, 31 अगस्त से शुरू होगी। इसे पूरे गोवा में घरों और सार्वजनिक पंडालों में मनाया जाएगा। इस तथ्य को देखते हुए कि गणेश चतुर्थी के दौरान बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे सभी कोविड उपयुक्त व्यवहारों का पालन करें। राज्य के डॉक्टर भी खुश नहीं हैं, क्योंकि लोग यह भूल गए हैं कि उन्हें कोविड से बचने के लिए मास्क पहनने की जरूरत है।



## तुर्की- दो भीषण सड़क हादसों में 35 लोगों ने जान गंवाई

**इस्तांबुल।** तुर्की में शनिवार का दिन काफी भारी पड़ा यहां दो अलग-अलग सड़क हादसों में 35 लोगों की जान चली गई, जिसके बाद अधिकारियों ने दोनों हादसों की जांच शुरू कर दी है। पहली दुर्घटना गाजिअनटेप और निजिप के बीच राजमार्ग पर हुई, जहां एक यात्री बस और आपात टीम को ले जा रहे वाहन के बीच टक्कर हो गई। आपात टीम मारडिन प्रांत के डेरिक जा रही थी। गृह मंत्री सुलेमान सोयुलू ने बताया कि इस घटना में तीन दमकलकर्मी, दो चिकित्साकर्मी और दो पत्रकार समेत 15 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मारे गए लोगों में से आठ लोग बस में सवार थे । खबर के मुताबिक दुर्घटना में शामिल लोगों की मदद करने के लिए गए उसके दो पत्रकार भी इस हादसे में मारे गए हैं। टेलीविजन फुटेज में हादसे के बाद एक एंबुलेंस का पीछे का हिस्सा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त दिखा और बस राजमार्ग के किनारे की तरफ मुड़ गई। गाजिअनटेप के गवर्नर दावुत गुल ने कहा कि घटना में 22 लोग घायल हो गए। एक अन्य हादसा डेरिक में हुआ जब एक ट्रक का ब्रेक फेल हो जाने से उसने दो वाहनों को टक्कर मार दी।




## हिमाचल में बारिश, बाढ़ और भूस्खलन का कहर, 22 की मौत, 6 लापता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश आफत का सबब बन गई है यहां बीते 24 घंटे में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं में एक ही परिवार के 8 सदस्यों सहित 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि लापता बताए जा रहे छह अन्य लोगों की जीवित नहीं होने की आशंका है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक सुदेश कुमार मोख्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 10 अन्य लोग घायल हो गए हैं। मोख्ता ने कहा कि भारी बारिश के कारण सबसे ज्यादा नुकसान मंडी, कांगड़ा और चंबा जिले में हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम संबंधी 36 घटनाएं दर्ज की गई हैं। वहीं उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने बताया कि अकेले मंडी जिले में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 13 लोगों की मौत हो गई और पांच लापता हो गए। उन्होंने बताया कि गोहर विकास खंड के



काशान गांव में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और पुलिस द्वारा चार घंटे तक चलाए गए तलाशी अभियान के बाद एक परिवार के आठ सदस्यों के शव उनके घर के मलबे से निकाले गए। उन्होंने बताया कि यह मकान भूस्खलन में ढह गया था।

उपायुक्त के मुताबिक, मंडी में शुक्रवार रात मंडी-कटोला-पराशर मार्ग पर बाघी नाले में एक लड़की का शव उसके घर से करीब आधा किलोमीटर दूर बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि बाढ़ में लड़की के परिवार के पांच सदस्यों के भी बह जाने की सूचना है। उन्होंने कहा कि बादल फटने के बाद कई परिवारों ने बागी और पुराने कटोला क्षेत्रों के बीच स्थित अपने घरों को छोड़कर अन्य सुरक्षित स्थानों पर शरण ली है। मोख्ता ने बताया कि शिमला के थियोग में वाहन पर पत्थर गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि चंबा के चौवारी के बनेत गांव में तड़के करीब साढ़े चार बजे भूस्खलन के बाद मकान ढहने से से तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि कांगड़ा में एक 'कच्चा' घर ढह गया, जिसमें नौ साल के बच्चे की मौत हो गई।

इस बीच, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में शनिवार को चक्की पुल ढह जाने के बाद पठानकोट और जोगिंदरनगर के बीच रेल सेवा निलंबित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे अधिकारियों ने पुल को असुरक्षित घोषित कर रखा था और पंजाब के पठानकोट से हिमाचल प्रदेश के जोगिंदरनगर तक 'नैरो गेज ट्रैक' पर ट्रेन सेवा को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हमीरपुर में अचानक आई बाढ़ में फंसे 30 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

## कैसे हुआ बांके बिहारी मंदिर में हादसा, पता लगाने के लिए जांच समिति गठित

### -15 दिन में राज्य सरकार को रिपोर्ट देगी जांच कमेटी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने मथुरा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की घटना के सम्बंध में जांच कमेटी गठित की। श्री बांके बिहारी मंदिर में हुई घटना के लिए पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन बनी है। मंडलायुक्त अलीगढ़ गौरव दयाल समिति के सदस्य होंगे। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने आदेश जारी करते हुए कहा कि पता लगाया जाए कि घटना किन परिस्थितियों में हुई ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पूरे घटनाक्रम की जांच 15 दिन में पूरी करके रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। मथुरा बांके बिहारी की मंगला आरती में देर रात भारी भीड़ के कारण अव्यवस्था फैल गई थी और दम घुटने के कारण एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। कई लोगों की हालत बिगड़ गई, जिन्हें पुलिस ने बड़ी मुश्किल से भीड़ से निकाला। जानकारी के अनुसार देर 1.55 पर देर रात कृष्ण जन्माष्टमी की मंगला आरती के दौरान बांके बिहारी मंदिर में भीड़ का भारी दबाव हो गया। हालत यह हो गई कि लोगों का दम घुटने लगा। अव्यवस्था फैलने से वहां अफरा-तफरी मच गई। कई लोगों का दम घुटने लगा और बेहोश होने लगे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर उन लोगों को भीड़ से निकाला, जिनकी हालत बिगड़ गई थी। इस दौरान महिला निर्मला देवी पत्नी देव प्रकाश निवासी नोएडा सेक्टर 99 एवं रुक्मणि विहार निवासी 65 वर्षीय राम प्रसाद विश्वकर्मा की मौत हो गई। रामप्रसाद मूल रूप से जबलपुर मध्य प्रदेश के रहने वाले थे।



## गूगल क्रोम में कई कमजोरियां, जिनके सहारे आपके डेटा तक पहुंच सकते हैं हैकर्स



### आईटी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सीईआरटी-इन ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** आईटी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-इन) ने डेस्कटॉप के लिए गूगल क्रोम में कई कमजोरियों के बारे में चेतावनी दी है। सीईआरटी-इन ने बताया कि इन कमजोरियों का फायदा उठाकर हैकर्स को अपने कंप्यूटर तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। सीईआरटी-इन की एक एडवाइजरी के अनुसार, कई कमजोरियां हैकर को टारगेट सिस्टम पर सुरक्षा प्रतिबंध को बायपास कर मनमाने कोड को एग्जीक्यूट करने की अनुमति दे सकती हैं। साइबर एजेंसी ने कहा कि फेडसीएम, स्विफ्टशैडर, एंगल, ब्लिंक, साइन-इन फ्लो, क्रोम ओएस शैल, डाउनलोड्स में हीप बफर ओवरफ्लो, अविश्वसनीय इनपुट का अपर्याप्त वेलिडेशन, कुकीज में अपर्याप्त पॉलिसी इन्फोर्समेंट और एक्सटेंशन एपीआई में अनुचित इम्पिमेंटेशन में फ्री यूज के कारण गूगल क्रोम में ये कमजोरियां मौजूद हैं।

टारगेट सिस्टम पर विशेष रूप से तैयार किए गए रिक्वेस्ट भेजकर एक हैकर इन कमजोरियों का फायदा उठा सकते हैं। सीईआरटी-इन ने कहा कि इन कमजोरियों का फायदा उठाकर हैकर रिमोटली सुरक्षा प्रतिबंधों को बायपास कर टारगेट सिस्टम पर मनमाने कोड को एग्जीक्यूट करने की अनुमति दे सकता है। एजेंसी ने कहा कि यूजर्स को सलाह दी जाती है कि वे तत्काल पैच लागू करें। सीईआरटी-इन ने ऐप्पल आईओएस, आईपैडओएस और मैकोज़ में बग के बारे में भी चेतावनी देते हुए कहा है कि ÷रिमोट हमलावर एक विशेष रूप से तैयार की गई फ़ाइल खोलने के लिए पीड़ित को लुभाने के द्वारा इस खामी का फायदा उठा सकता है। इसके अलावा, उन्होंने सिस्को प्रोडक्ट्स में फिर से कई कमजोरियां पाई हैं।

## राजस्थान में दलित लड़के की मौत, मीरा कुमार बोलीं- जाति व्यवस्था एक 'बीमारी', इसे समूल नष्ट करने की जरूरत

**नई दिल्ली।** राजस्थान में एक दलित लड़के की मौत के बाद मचा बबाल थमने का नाम नहीं ले रहा। घटना से फैले आक्रोश के बीच कांग्रेस नेता और मीरा कुमार ने कहा कि जाति व्यवस्था को पूरी तरह मिटाने की जरूरत है। जातिगत पूर्वाग्रह के लिए 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को अपनाया जाना चाहिए। मीरा कुमार ने पीटीआई से कहा कि जाति व्यवस्था एक 'बीमारी' है। जाति से संबंधित अत्याचार अक्सर 'मन पर गंभीर चोट' करते हैं। बिहार में नीतीश कुमार के बीजेपी से गठबंधन तोड़कर एक बार फिर से महागठबंधन की सरकार बनाने के बारे में मीरा कुमार ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार का गठन स्वागत योग्य विकास और एक



'सकारात्मक संकेत' है। मीरा कुमार ने उम्मीद जताई कि अन्य राज्यों में भी इस तरह के गठबंधन होंगे। राजस्थान के जालोर जिले के सुराणा गांव में एक टीचर की कथित पिटाई के बाद एक दलित स्टूडेंट इंद्र मेघवाल की मौत होने का मामला सामने आया था। इसके बाद राजस्थान में दलित भड़के हुए हैं। ये विवाद घटना के एक हफ्ते बाद भी पूरी तरह शांत नहीं हो सका है। इस घटना के विरोध में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख हनुमान बेनीवाल अपने 3 विधायकों, 5 प्रधानों और हजारों कार्यकर्ताओं के साथ करीब 300 गाड़ियों के काफिले में घटनास्थल पर गए। राजस्थान में दलित छात्र की मौत से आक्रोश, मीरा कुमार बोलीं- जाति व्यवस्था एक बीमारी, इसे मिटाने की जरूरत हनुमान बेनीवाल ने इंद्र मेघवाल के परिवार के लोगों से मुलाकात के बाद जालोर कलेक्ट्रेट का घेराव भी किया। बेनीवाल ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने, छात्र के परिजनों को 50 लाख रुपया मुआवजा और परिवार के एक बच्चे को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

## उत्तरी सीरिया के व्यस्तम बाजार क्षेत्र में रॉकेट हमला, 15 ने दम तोड़ा, कई घायल

**बेरूत।** उत्तरी सीरिया के एक व्यस्तम बाजार में राकेट हमलों में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। खबर के मुताबिक तुर्की समर्थित विद्रोही लड़ाकों के कब्जे वाले एक शहर में भीड़भाड़ वाले बाजार में रॉकेट हमले में 15 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। युद्ध पर निगरानी करने वाले समूह 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' और अर्द्ध चिकित्सक समूह ने यह जानकारी दी। यह हमला शुक्रवार को अल-बाब शहर में तब किया गया, जब तुर्किश लड़ाकों के हवाई हमले में कम से कम 11 सीरियाई सैनिक और अमेरिका समर्थित कुर्दिश लड़ाकों की मौत हो गयी थी। युद्ध निगरानी



समूह ने शुक्रवार को हुई बमबारी के लिए सीरियाई सरकार की सेनाओं को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यह तुर्की के हवाई हमले का बदला प्रतीत होता है। उसने बताया कि 15 मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं और 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ऑब्जर्वेटरी के प्रमुख रामी अब्दुर्रहमान ने मार्च 2020 में हुए संघर्ष विराम का हवाला देते हुए कहा, 'यह सरकारी सेना और विपक्ष के बीच लड़ाई रुकने के बाद से सरकारी सेना द्वारा किया गया सबसे खराब नरसंहार है। अमेरिका समर्थित कुर्दिश लड़ाकों की अगुवाई वाली 'सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज' ने एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने अल-बाब पर हमला नहीं किया। सरकार ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। एक अन्य घटना में ऑब्जर्वेटरी और अमेरिकी सेना ने बताया कि उत्तरपूर्वी सीरिया में बृहस्पतिवार रात को एक ड्रोन हमले में चार महिलाओं की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। उसने इस हमले के लिए तुर्की को जिम्मेदार ठहराया है।

## खास खबर

### ताइवान की सीमा में घुसे 51 चीनी विमान, फिर बढ़ा तनाव

**ताइपे।** चीन की सेना की पूर्वी थियेटर कमांड ने युद्धाभ्यास के नाम पर ताइवान को चारों चरफ से घेर रखा है। लगातार उकसावे वाली हरकतों की वजह से ताइवान में तमान अपने चरम पर है। ताइवान ने बताया कि 6 चीनी नौसैनिक जहाज और 51 लड़ाकू विमानों ने उसकी सीमा का उल्लंघन किया। इससे पहले 7 अगस्त को ताइवान की सीमा में चीन के 14 युद्धपोत और 66 विमानों के दाखिल होने की वजह से हालात तनावपूर्ण हो गए थे। ताइवान ने फिर से चीन पर अपनी सीमा में घुसपैठ का आरोप लगाया है। ताइवान के अधिकारियों ने दावा किया कि 51 चीनी लड़ाकू विमानों, 6 जंगी जहाजों और 25 वमवर्षक विमानों ने पूर्व में हमारी सीमा में घुसपैठ की। इनमें से 25 विमानों ने हमारे इलाके के ऊपर से उड़ान भरी। इनमें सुखोई, शेनयांग जे 16, चेंगदू जे-10, जियान एच-6 और शानक्सी वाय-8 विमान शामिल थे। जवाबी कार्रवाई में ताइवान के भी लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरीं। साथ ही ताइवान के नौसैनिक युद्धपोत और एयर डिफेंस सिस्टम को अलर्ट पर रखा गया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि हम अपने समुद्री और हवाई इलाके के आसपास चीन के लगातार उकसावे की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं। चीन के ऐसे सैनिक अभियान में हमें जंग की तैयारी का मौका देते हैं।

### राकेश टिकैत को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी से दिल्ली आ रहे किसान नेता राकेश टिकैत को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। राकेश टिकैत ने ट्वीट कर के यह जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट में कहा है कि 'सरकार के इशारे पर काम कर रही दिल्ली पुलिस किसानों की आवाज को नहीं दबा सकती। यह संघर्ष अंतिम सांस तक जारी रहेगा।' राकेश टिकैत अपने कुछ समर्थको के साथ दिल्ली जाना चाहते थे लेकिन दिल्ली पुलिस ने मना कर दिया जिसके बाद टिकैत समर्थक सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे जिसके बाद दिल्ली पुलिस सभी को मधु विहार पुलिस एसीपी दफ्तर लेकर गई है। एक वीडियो संदेश में किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि क्या दिल्ली में किसानों का प्रवेश बैन है? उन्होंने कहा कि क्या कोई हरा गमछा और चद्दर ओढ़ कर दिल्ली में जा नहीं सकता? राकेश टिकैत ने वीडियो संदेश में बताया है कि वो जंतर-मंतर में हो रहे आंदोलन में जा रहे थे। वहां बेरोजगारी पर आंदोलन चल रहा था। राकेश टिकैत आगे कहते हैं कि वो कोई भी पॉलिटिकल आंदोलन नहीं है और ना ही मेरे बैनर में हो रहा है।

### सुबह उठते ही पीएम मोदी सीबीआई-ईडी का शुरू कर देते हैं खेल, ऐसे कैसे होगा देश का विकास : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सुबह उठकर सीबीआई और ईडी का खेल शुरू कर देते हैं। ऐसे में देश कैसे तरक्की करेगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ऐसे समय जब आम इंसान महंगाई से जूझ रहा है, करोड़ों की संख्या में युवा बेरोजगार हैं, केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर बेरोजगारी और महंगाई से लड़ना चाहिए। उसकी बजाय ये पूरे देश से लड़ रहे हैं। रोज सुबह उठकर सीबीआई-ईडी का खेल शुरू कर देते हैं। ऐसे देश कैसे तरक्की करेगा? मनीष सिसोदिया ने सीबीआई के लुकआउट नोटिस को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आपकी सारी रेड फैल हो गयी, कुछ नहीं मिला, एक पैसे की हेरा फेरी नहीं मिली, अब आपने लुकआउट नोटिस जारी किया है कि मनीष सिसोदिया मिल नहीं रहा। ये क्या नौटंकी है मोदी जी? मैं खुलेआम दिल्ली में घूम रहा हूं, बताइए कहां आना है ? आपको मैं मिल नहीं रहा?

### असम में गोलपारा से अल-कायदा के 2 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार, पूछताछ में किए कई अहम खुलासे

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने गोलपारा से अल-कायदा भारतीय उपमहाद्वीप (एक्यूआईएस) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) आतंकवादी समूहों से जुड़े दो संदिग्ध दहशतगर्दों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मोरनोई थाने के तिनकुनिया शांतिपुर मस्जिद के इमाम अब्दुस सुभान और गोलपारा के मटिया थाना अंतर्गत तिलपारा नतुन मस्जिद के इमाम जलालुद्दीन शेख के रूप में हुई है। गोलपारा जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राकेश रेड्डी ने कहा कि दोनों संदिग्धों को घंटों पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया हमें इस साल जुलाई में गिरफ्तार अब्बास अली से इनपुट मिला है, जो जिहादी तत्वों से भी जुड़ा हुआ है। पूछताछ के दौरान हमने पाया कि वे असम में एक्यूआईएस/एबीटी के बारपेटा और मोरीगांव मॉड्यूल से सीधे जुड़े हुए थे।

न्यूज़ ट्रैक....

## जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय में सबसे ज्यादा जीत के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंची भारतीय टीम

**हरारे ।** भारतीय क्रिकेट टीम दूसरे एकदिवसीय में जिम्बाब्वे को हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त जीत हासिल करने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम करने के करीब पहुंच गयी है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है। अभी पाकिस्तान टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे ज्यादा 54 जीत के साथ शीर्ष पर है वहीं भारतीय टीम ने 53 वीं जीत हासिल की है। दोनों टीमों के बीच अब केवल एक ही जीत का अंतर रह गया है। दूसरे एकदिवसीय में मेजबान जिम्बाब्वे ने भारतीय टीम को जीत के लिए 162 रनों का लक्ष्य दिया था। जिसे भारतीय टीम ने 25.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत के मामले में तीसरे पायदान पर बांग्लादेश है। उसे 51 मुकाबलों में जीत मिली है।

## यूक्रेनी मुक्केबाज उसिक ने जोशुआ को हराकर विश्व हैवीवेट खिताब बरकरार रखा

**नई दिल्ली ।** यूक्रेन के मुक्केबाज ऑलेक्जेंडर उसिक ने एंथनी जोशुआ को हराकर अपना विश्व हैवीवेट खिताब बरकरार रखा है। इस मुकाबले में उसिक ने जोशुआ को 115-113 और 115-113 कार्ड के साथ 116-112 से हराया। उसिक के जोशुआ से हुए इस मुकाबले से यह सामने आया कि उन्होंने बीते वर्ष से कितने बदलाव किये हैं। मुकाबले के दौरान उसिक ने लगातार संयम बनाए रखा और जोशुआ पर दबाव बनाये रखा। उसिक ने चौथे दौर में ही जोशुआ की योजना का अंदाजा लगाकर अपने खेल में बदलाव किया। मैच के दौरान उसिक अधिकांश समय विरोधी जोशुआ पर हावी रहे। मैच के दौरान वह जोशुआ पर ज्यादा जोर से प्रहार करने की जगह उन्हें थकाते हुए नजर आए। परिणाम से रहा कि समय के साथ ही जोशुआ उनकी चाल में फंग गए और अंत में उन्हें जीत मिली। उसिक के लिए भी मुकाबला ज्यादा असान नहीं रहा। मैच के दौरान जोशुआ ने भी कई बार अपने आक्रमण से उसिक को हैरान कर दिया।

## हुडा के पदर्पण के बाद ही टीम इंडिया ने जीते सबसे ज्यादा मैच


**हरारे ।** भारतीय क्रिकेट टीम की जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में जीत के साथ ही टीम के युवा बल्लेबाज दीपक हुडा के नाम एक अहम बना है। हुडा के टीम में आने के बाद से ही भारतीय टीम ने सभी मुकाबले जीते हैं इनमें 7 वनडे और 9 टी20 सहित कुल 16 मैच हैं। हुडा ने इसी साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। किसी खिलाड़ी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद से ही टीम ने इतने ज्यादा मुकाबले नहीं जीते हैं। हुडा ने इस मामले में रोमानिया के सात्विक नादिगोटला का रिकॉर्ड तोड़ा। सात्विक के नाम डेब्यू के बाद लगातार 15 मैच जीतने का रिकॉर्ड है। इन दोनों के अलावा रोमानिया के ही शांतनु वशिष्ठ और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर के डेब्यू के बाद से ही टीम ने लगातार 13-13 मैच जीते थे। हुडा का पदार्पण के बाद से प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। उन्हें जिस भी नंबर पर भेजा गया। उन्होंने रन बनाये। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में हुडा ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए एक विकेट लेने के अलावा 25 रन भी बनाये।

# भारत और पाकिस्तान के बीच 28 अगस्त को दुबई में होगी भिड़ंत

## भारत-पाकिस्तान मैंच पर रोहित ने कहा, मैंच को लेकर कोई दबाव नहीं लेना चाहते

**नई दिल्ली ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भले ही जिम्बाब्वे दौर पर नहीं आए हों, लेकिन वे एशिया कप को लेकर तैयारी में जुटे हुए हैं। टूर्नामेंट के मुकाबले 27 अगस्त से यूएई में होने हैं। भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत 28 अगस्त को दुबई में होनी है। यह मैच दोनों टीमों के लिए दबाव वाला होगा। पिछले साल यूएई में हुए टी20 वर्ल्ड कप के बाद दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ उतरेंगी। पिछले साल पाकिस्तान ने टीम इंडिया पर 10 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की थी। पहले तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने शानदार प्रदर्शन किया था। फिर बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान दोनों ने नाबाद अर्धशतक लगाकर पाक टीम को ब?ी जीत दिलाई थी।

वहीं इस हाईवोल्टेज मैंच को लेकर रोहित शर्मा ने कहा, सभी की नजर भारत बनाम पाकिस्तान मैच पर होती है। निस्संदेह यह एक बेहद दबाव वाला मैच होगा। लेकिन हम टीम के अंदर एक सामान्य माहौल बनाना चाहते हैं, मैंच को लेकर कोई दबाव नहीं लेना चाहते। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह सिर्फ क्रिकेट का खेल है। मेरे और राहुल भाई के लिए खिलाड़ियों को यह बताना महत्वपूर्ण है कि वे भी बस एक विरोधी ही हैं। टीम इंडिया 7 बार एशिया कप का खिताब जीत चुकी है। वे टूर्नामेंट में बतौर डिफेंडिंग चैंपियन उतरेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में अब तक 14 भि?त हुई है। टीम इंडिया 8 मैच जीतने में सफल रही है। दूसरी ओर पाकिस्तान को 5 मैच में जीत मिली है। 2016 के बाद



पहली बार टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है. पहले सीजन का खिताब भारतीय टीम ने ही जीता था। टीम फिर ऐसा ही प्रदर्शन करना चाहेगी। मालूम हो कि एशिया कप के क्वालिफायर्स के मुकाबले 20 से 24 अगस्त तक ओमान में होने है। यहां यूएई, हॉन्ग कॉन्ग, सिंगापुर और कुवैत को जगह दी गई है। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ उतरेंगी। टॉप पर रहने वाली टीम को मेन राउंड में जगह मिलेगी. इस बीच कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि खिलाड़ियों की भूमिका स्पष्ट करने से उन्हें खराब फॉर्म से जूझने के दौरान वह दिशा मिलती है, जहां उन्हें ध्यान केंद्रित करना है और इससे उन्हें अपने खेल में सुधार करके मजबूत बनने में मदद मिलती हैं।

रोहित को लगता है कि एक कप्तान के रूप में यह समझना उनका काम है कि जब खिलाड़ी खराब दौर से गुजर रहे हों, तब उन्हें क्या चाहिए। रोहित ने कहा कि जाहिर है मेरे लिए यह कुछ खास लोगों के साथ जल्दी से ढलना और फिर यह समझना है कि उन्हें क्या चाहिए, उनके मजबूत पक्ष क्या हैं और उनके कमजोर पहलू क्या हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रतिक्रिया दें और उनके साथ काम करें। टीम उस व्यक्ति से क्या उम्मीद कर रही है। कप्तान ने कहा कि इससे खिलाड़ी निखर सकता है, क्योंकि जब हम उन्हें यह स्पष्टता देते हैं कि टीम आपसे क्या उम्मीद कर रही है, तब वह उस दिशा में काम करने में सक्षम होगा और वह अपने खेल पर कई तरह से काम कर सकता है और फिर अपने खेल में सुधार भी कर सकता है। इस सलामी बल्लेबाज ने सहज माहौल की जरूरत पर भी जोर दिया। रोहित ने कहा कि मेरे लिए एक कप्तान के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम खिलाड़ियों के लिए एक ऐसा माहौल तैयार करें, जहां उन्हें यह न लगे कि यह बहुत अधिक दबाव का माहौल है। हम कोशिश करते हैं और लोगों के लिए एक माहौल बनाते हैं। हम कोशिश करते हैं कि वे जो करें उसका लुत्फ उठाएं। भारतीय कप्तान ने कहा कि जब आप बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तब दबाव होता है और यही आपको अपने दम पर संभालना होता है. आपके अलावा कप्तान या कोच या कोई भी इसके बारे में कुछ नहीं कर सकता।

## झूलन गोस्वामी लॉर्ड्स में खेलेंगी आखिरी वनडे स्पर्धा

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला क्रिकेटर महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है। झूलन लॉर्ड्स में 24 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी वनडे मुकाबला खेलेंगी। झूलन गोस्वामी महिला वनडे में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उन्होंने 201 मैच में 252 विकेट लिए हैं। वहीं, महिला वनडे विश्व कप में भी सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम हैं। उन्होंने विश्व कप के 34 मैच में 43 विकेट लिए हैं। वो विश्व कप में 2 बार 4 विकेट लेने का कारनामा कर चुकी हैं। 39 साल की झूलन को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। हालांकि, वो कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं थीं। युवाओं को मौका देने के लिए झूलन ने संन्यास लेने का फैसला किया है।झूलन ने इसी साल मार्च में भारत के लिए आखिरी मैच खेला था। तब वो न्यूजीलैंड में हुए महिला विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में उतरी थीं। इस मैच में उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे। बीसीसीआई इसी वर्ल्ड कप के बाद ही झूलन को विदाई देना चाहती थी। लेकिन, चोट के कारण वो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी लीग मैच में नहीं उतर पाई थीं। इसके बाद से ही उनके विदाई मैच का इंतजार हो रहा है। उन्होंने 2018 में भारत के लिए पिछला टी20 खेला था। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच अक्टूबर 2021 में खेला था। झूलन को जुलाई में श्रीलंका दौरे के लिए भी चुना जाना था। लेकिन, वो इस सीरीज के लिए पूरी तरह से फिट नहीं थीं। वो जुलाई के आखिरी हफ्ते में फिट हुई थीं। इसके बाद कॉमनवेल्थ गेम्स के मुकाबले टी20 फॉर्मेट में होने थे और झूलन 4 साल से टी20 नहीं खेल रही हैं। इसी वजह से उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में मौका दिया गया।

## वेस्टइंडीज के खिलाड़ी कीमो पॉल बंधे दाम्पत्य सूत्र में

**गुयाना ।** वेस्टइंडीज और गुयाना के ऑलराउंडर खिलाड़ी कीमो पॉल एक सुंदर युवती के साथ विवाह के बंधन में बंद गए हैं। पॉल, जो वर्तमान में चोटिल हैं और न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला से बाहर हो गए थे, इस सप्ताह की शुरुआत में गुयाना में शादी के बंधन में बंधे। कीमो पॉल को बधाई देते हुए विंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अपने ऑफिशियिल ट्विटर अकाऊंट पर जोड़ी की तस्वीर पोस्ट की। साथ ही लिखा- वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कीमो पॉल और उनकी पत्नी को इस हफ्ते की शुरुआत में गुयाना में शादी के लिए बधाई। हम उन सभी को शुभकामनाएं देते हैं! 24 वर्षीय पॉल ने मार्च 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से वेस्टइंडीज के लिए तीन टेस्ट, 23 एकदिवसीय और 23 टी20 मैच खेले हैं। वह वेस्टइंडीज की अंडर-19 टीम का भी हिस्सा थे जिसने 2016 में बांग्लादेश में अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीता था। पॉल अब 30 अगस्त से 30 सितंबर 2022 तक होने वाली कैरेबियन प्रीमियर लीग 2022 में गुयाना अमेज़ॅन वारियर्स के लिए खेलते दिखेंगे।

## टी20 विश्व कप- टीम इंडिया सेलेक्शन के लिए बैठक 15 को

**नई दिल्ली ।** टी20 विश्व कप का रोमांच इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होगा। इसके लिए टीम इंडिया कब चुनी जाएगी, इसे लेकर बड़ी जानकारी सामने आ रही है। जानकारी , सेलेक्शन कमेटी की एशिया कप के 4 दिन बाद यानी 15 सितंबर को मुंबई में मीटिंग होगी और इसी दिन टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन होगा। इससे पहले, सेलेक्टर्स रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम इंडिया का एशिया कप में प्रदर्शन भी देखेंगे और इस टूर्नामेंट में अच्छा खेल दिखाने वाले खिलाड़ियों के पास टीम में चुने जाने का मौका होगा।

बता दें कि एशिया कप का फाइनल 11 सितंबर को होगा। इसका मतलब, टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का सेलेक्शन खिलाड़ियों के यूएई से लौटने के बाद होगा। भारत टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के साथ मुकाबले से करेगा। आईसीसी ने टी20 विश्व कप के लिए स्क्वॉड घोषित करने के लिए 16 सितंबर की समय सीमा निर्धारित की है। हर टीम 15 सदस्यीय स्क्वॉड घोषित कर सकती है। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीम 30 सदस्यों के साथ यात्रा कर सकती है। इसमें खिलाड़ियों के अलावा सपोर्ट स्टाफ के सदस्य भी शामिल हैं। कुल 23 सदस्य ऑफिशियल स्क्वॉड का हिस्सा होंगे। इसमें 15 खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ के 8 सदस्य शामिल होंगे।

इसके अलावा सदस्य देश अपने खर्चे पर 7 अतिरिक्त लोगों को टूर्नामेंट के लिए ले जा सकेंगे। यह फैसला कोरोना महामारी को देखते हुए लिया गया है। इन 7 सदस्यों में नेट बॉलर, सपोर्ट स्टाफ के अतिरिक्त मेंबर शामिल हो सकते हैं। आईसीसी ने हर टीम को अपने साथ डॉक्टर लाना अनिवार्य किया है। टी20 विश्व कप का क्वालिफाइंग राउंड 16 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा जबकि सुपर-12 राउंड का आगाज 22 अक्टूबर से होगा। 15 सदस्यीय स्क्वॉड में रिप्लेसमेंट सिर्फ स्वास्थ्य कारणों से भी हो पाएगा।



सउदी अरब में विश्व हैवीवेट खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए एलेकजैंडर उसक व एंथोनी जोशुआ।

व्यापार न्यूज

## ब्याज दरें बढ़ने से कार की मांग पर असर नहीं: मारुति सुजुकी

**नई दिल्ली ।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रैंड विटारा और ब्रेजा जैसे नए उत्पादों की पेशकश के साथ बुकिंग में वृद्धि हुई है और कंपनी के लंबित ऑर्डर पिछली तिमाही में 2.8 लाख से बढ़कर लगभग 3.87 लाख इकाई हो गए। उन्होंने एक बातचीत में कहा ?कि सैद्धांतिक रूप से ब्याज दरों में बढ़ोतरी का नकारात्मक प्रभाव होना चाहिए लेकिन फिलहाल हम ऐसा महसूस नहीं कर रहे हैं। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या ब्याज दरों में बढ़ोतरी से कारों की मांग पर असर पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की थी। मई के बाद से यह लगातार तीसरी वृद्धि थी। इसके साथ ही ब्याज दर महामारी से पहले के स्तर पर आ गई है। श्रीवास्तव ने कहा कि ब्याज दरों में वृद्धि का मांग पर असर नहीं होने की एक वजह यह है कि महामारी और सेमीकंडक्टर की कमी के चलते आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान हुआ। इस कारण उत्पादन प्रभावित हुआ और मांग को पूरा नहीं किया जा सका था। उन्होंने कहा ?कि क बार जब आपके पास भरपूर उत्पादन हो जाएगा, तो मांग के वास्तविक रुझानों का पता चलेगा।

## प्रौद्योगिकी के साथ मानवीय रचनात्मकता भी तेजी से बढ़ रही: कुमार मंगलम

**मुंबई ।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि जीवन और उद्योग में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है और उससे भी कहीं अधिक तेजी से मानवीय रचनात्मकता बढ़ रही है। बिड़ला ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हम हाइटेक और हाइटच दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं। जीवन और उद्योग में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है और उससे भी कहीं अधिक तेजी से मानवीय रचनात्मकता बढ़ रही है। मेरा तर्क है कि मानवीय स्पर्श और समानुभूति का सीधा संबंध प्रौद्योगिकी की वृद्धि से है। बिड़ला ने कहा कि आने वाले दशक में प्रौद्योगिकी जानकारों, उद्योगपतियों, राजनेताओं और नागरिकों को आस्तित्व के कुछ सवालों से समान रूप से जूझना होगा। उन्होंने कहा कि इंसानियत के समक्ष जो सबसे बड़ी चुनौतियां हैं उनका समाधान प्रौद्योगिकी और मानवीय सरलता ही निकाल सकते हैं।

# त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने से उद्योग जगत को मिलेगी मजबूती

### औद्योगिक जिंसों के दाम कम होने से उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई कीमतों पर वस्तुएं नहीं खरीदनी पड़ेगी

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्रालय का मानना है कि त्योहारी सीजन में उपभोक्ता की मांग में इजाफा होगा। ?जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों जगहों पर उपभोक्ता खपत में बढ़ोतरी होगी। औद्योगिक जिंसों के दाम कम होने से त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई कीमतों पर वस्तुएं नहीं खरीदनी पड़ेगी। आरबीआइ के सर्वे में भी कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में मैन्यूफैक्चरिंग इकाइयों के उत्पादन और नए ऑर्डर में बढ़ोतरी होगी। मैन्यूफैक्चरिंग और कैपिटल गुड्स में पिछले तीन महीनों से लगातार दहाई अंक में बढ़ोतरी भी मैन्यूफैक्चरिंग में तेजी के संकेत दे रही है। सितंबर माह से त्योहारी सीजन शुरू हो रहा है जो साल के आखिर तक रहेगा। वित्त मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मानसून के कारण खरीफ की बुवाई को मदद मिल रही है और न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से ग्रामीण मांग में बढ़ोतरी की संभावना है। मंत्रालय के मुताबिक संपर्क से चलने वाले सेक्टर से लोग अब परहेज नहीं कर रहे हैं और लोग खुलकर सैर-सपाटे के साथ होटल व रेस्टोरेंट में जा रहे हैं। इससे शहरी इलाकों की खपत में इजाफा होगा।

मंत्रालय के मुताबिक टूरिज्म, होटल जैसे उद्योग एक बार फिर से कोरोना काल से पूर्व की स्थिति में पहुंच रहे हैं। पिछले दो महीने से सेवा सेक्टर के परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस साल फरवरी माह के आखिर में रूस यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद स्टील, तांबा, एल्युमीनियम, जिंक, चांदी जैसे औद्योगिक जिंसों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन जून के बाद से इन जिंसों के भाव में लगातार गिरावट हो रही है। कच्चे तेल के वैश्विक दाम भी लगातार कम हो रहे है। औद्योगिक निर्माताओं के मुताबिक वे अब त्योहारी सीजन में अपनी पूरी क्षमता से मैन्यूफैक्चरिंग करेंगे क्योंकि उनकी लागत कम हो गई है। लागत कम होने से उनका मार्जिन भी प्रभावित नहीं होगा। कंज्यूमर ड्यूरेबल और रिटेल कारोबारियों के मुताबिक लागत कम होने से अब वस्तुओं की कीमतें भी नहीं बढ़ेंगी और हो सकता है कुछ वस्तुओं पर उपभोक्ताओं को राहत मिल जाए। दूसरी तरफ सरकार भी अर्थव्यवस्था में लगातार निवेश कर रही

## खाने के तेल में और मिल सकती है राहत

**नई दिल्ली ।** शिकागो एक्सचेंज के लगभग आधा प्रतिशत मजबूती के साथ बंद होने से शनिवार को दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सोयाबीन तेल की कीमतों में सुधार देखने को मिला जबकि आयात भाव के मुकाबले सोयाबीन का स्थानीय भाव कम होने से सोयाबीन तिलहन के भाव पूर्व-स्तर पर बने रहे। वहीं पामोलीन तेल के भाव टूटने के बीच बाकी लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों की कीमतें पिछले स्तर पर बंद हुईं। वहीं बाजार के सूत्रों ने कहा कि फिलहाल खाद्य तेलों के दाम काफी नीचे हैं लेकिन खुदरा कीमतों में खास गिरावट नहीं आई है ऐसे में कीमतों में और गिरावट की पूरी गुंजाइश है। बाजार के जानकार सूत्रों ने बताया कि सोयाबीन डीगम तेल का आयात कहीं महंगा बैठता है और इस तेल का स्थानीय भाव भी कमजोर होने से इसके आयात में नुकसान है। पामोलीन तेल का भाव इतना कम है कि इसके आगे कोई खाद्यतेल नहीं टिकेगा। पामोलीन इसी तरह सस्ता बना रहा तो अगले लगभग सवा महीने बाद आने वाली सोयाबीन, मूंगफली और बिनौला की फसल की खपत को लेकर दिक्कत आ सकती है। सूत्रों ने कहा कि ऐसा होने पर सरकार को घरेलू किसानों के हित साधने के लिए समुचित कदम उठाने होंगे। सूत्रों के मुताबिक विदेशों में खाद्य तेलों के भाव टूट गए हैं और सरकार ने आयात शुल्क में भी ढील दे रखी है। इसके बावजूद कीमतों में हुई टूट के मुकाबले उपभोक्ताओं को उसका 25-30 प्रतिशत भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसका कारण खुदरा कारोबार में अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) जरुरत से कहीं ज्यादा रखा जाना है। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में जिस मात्रा में भाव टूटे हैं, उसी के अनुरूप भारत में भी तेल कीमतें कम होनी चाहिए।

## छोटा व्यापार शुरू करने बिना गारंटी लोन दे रही है सरकार

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार देश में छोटे उद्योग या व्यापार को शुरू करने के लिए कई तरह की योजना चलाकर लोगों की मदद कर रही है। खासकर सरकार का ध्यान ऐसे छोटे व्यवसायियों पर अधिक है, जिनका कारोबार कोरोना महामारी वजह से ठप हो गया था। ऐसे लोगों के लिए सरकार नाम से एक योजना चला रही है। इसके तहत छोटे व्यापार को शुरू करने के लिए लोन प्रदान किया जा रहा है। सरकार ने इस योजना को खास तौर पर स्ट्रीट वेंडर्स के लिए शुरू किया है, जिनका व्यापार कोरोना महामारी की भेंट चढ़ गया था। इस योजना के तहत व्यापार शुरू करने के लिए 10 हजार रुपए का लोन बिना किसी गारंटी के मिलता है. इसके लिए आपको कुछ भी गिरवी नहीं रखना पड़ता। अगर आप एक बार लोन का पैसा चुका देते हैं, तो आप दोगुनी रकम के लोन लेने के लिए योग्य हो जाते हैं। कारोबार शुरू करने के लिए पहली बार 10 हजार रुपए का लोन लिया और उसे समय से चुका दिया, तो अगली बार आप 20 हजार रुपए का लोन ले सकेंगे। इसी तरह तीसरी बार में आप 50 हजार रुपए का लोन ले सकते हैं। आवदेन मंजूर होने के बाद लोन की रकम तीन बार में आपके खाते में ट्रांसफर कर दी जाती है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत ली गई लोन की राशि को एक साल की अवधि में चुकाया जा सकता है। हर महीने किश्तों में लोन की राशि को चुका सकते हैं।

## अंबानी को पछाड़ दुनिया के चौथे कुबेर बने गौतम अडानी

**मुंबई ।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की दौलत साल 2022 में रॉकेट की स्पीड से बढ़ी है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अब वह बहुत आगे निकल गए हैं। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की तुलना में गौतम अडानी की नेटवर्थ डेढ़ गुना हो चुकी है। अडानी की नेटवर्थ 137 अरब डॉलर पहुंच चुकी है, जबकि अंबानी की नेटवर्थ 92.7 अरब डॉलर रह गई है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अडानी चौथे और अंबानी 11वें नंबर पर हैं। इस साल अडानी की नेटवर्थ में 60.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है, जबकि अंबानी की नेटवर्थ 2.75 अरब डॉलर बढ़ी है। दुनिया के टॉप 10 रईसों में अडानी को छोड़कर इस साल सबकी नेटवर्थ में गिरावट आई है। शेयर बाजार गुरुवार को करीब-करीब सपाट बंद हुआ जबकि शुक्रवार को इसमें गिरावट आई। इसके बावजूद अडानी ग्रुप की अधिकांश कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। अडानी ग्रुप का शेयर 2.88 फीसदी तेजी के




साथ 410.90 रुपये पर बंद हुआ। इस साल अडानी पावर के शेयरों में अब तक 318 फीसदी तेजी आ चुका है। अडानी ट्रांसमिशन में शुक्रवार को 1.17 फीसदी, अडानी ग्रीन एनर्जी में 5.10 फीसदी और अडानी पोर्ट्स में 4.61 फीसदी तेजी रही। इससे शुक्रवार को अडानी की नेटवर्थ में 1.85 अरब डॉलर यानी 14,786 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। इस बीच रिलायंस के शेयरों में शुक्रवार को आई गिरावट से मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में गिरावट आई। रिलायंस का शेयर हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 1.77 फीसदी की गिरावट के साथ 2613.60 रुपये पर बंद हुआ। इससे अंबानी की नेटवर्थ में 1.81 अरब डॉलर की गिरावट आई और यह 92.7 अरब डॉलर रह गई है। अंबानी कभी भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस थे, लेकिन अब अडानी ने उन्हें काफी पीछे छोड़ दिया है। दोनों की नेटवर्थ में 44.3 अरब डॉलर का फासला हो गया है। वहीं टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 260 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं। वहीं अमेजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 162 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। फ्रांसीसी बिजनसमैन और दुनिया की सबसे बड़ी लग्जरी गुड्स कंपनी के बर्नार्ड आरनॉल्ट (146 अरब डॉलर) तीसरे नंबर पर हैं। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स (122 अरब डॉलर) पांचवें नंबर पर हैं।

## दस प्रमुख कंपनियों में से पांच का बाजार पूंजीकरण 30,737.51 करोड़ घटा

**नई दिल्ली ।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में 10 में से पांच प्रमुख कंप?नियों का बाजार पूंजीकरण 30,737.51 करोड़ रुपए घट गया, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को सबसे अधिक नुकसान हुआ। बीते सप्ताह में सेंसेक्स 183.37 अंक चढ़ा। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस में गिरावट हुई। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) लाभ में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) का बाजार पूंजीकरण 12,883.7 करोड़ रुपए घटकर 17,68,144.77 करोड़ रुपए




रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 9,147.73 करोड़ रुपए गिरकर 4,64,436.79 करोड़ रुपए रह गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 5,323.92 करोड़ रुपए घटकर 12,38,680.37 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 2,922.03 करोड़ रुपए घटकर 6,05,807.09 करोड़ रुपए रह गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 460.13 करोड़ रुपए घटकर 4,42,035.99 करोड़ रुपए रह गया। दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 9,128.17 करोड़ रुपए बढ़कर 6,18,894.09 करोड़ रुपए पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक ने 4,835.37 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की और इसका बाजार पूंजीकरण 8,30,042.72 करोड़ रुपए हो गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 2,308.62 करोड़ रुपए बढ़कर 4,33,768.34 करोड़ रुपए और एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 1,916.08 करोड़ रुपए बढ़कर 4,47,675.98 करोड़ रुपए हो गया।

# मल्लिका शेरावत के बोल्ड अंदाज पर फैंस हार जाएंगे दिल, दिखा एक्ट्रेस का दिलकश अंदाज



मल्लिका शेरावत ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है. एक्ट्रेस अपने बोल्ड अंदाज के लिए इंडस्ट्री में जानी जाती हैं. खास बात ये है कि मल्लकि ने अब तक कई छोटी बड़ी फिल्मों में काम किया है. इतना ही नहीं मल्लिका बॉलीवुड इंडस्ट्री के उन चुनिंदा लोगों में से हैं जिन्होंने हॉलीवुड फिल्मों के लिए भी काम किया है. मल्लिका भले काफी समय से फिल्मों में नजर ना आई हों, लेकिन एक्ट्रेस आए दिन अपनी ग्लैमरस फोटोज फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं. हाल ही में मल्लिका ने फैंस को दीवाना करने वाली फोटोज शेयर की हैं. अपनी अदाओं से आग लगाने वाली एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने अपने करियर की शुरूआत टी.वी. विज्ञापनों से की थी. इस दौरान एक्ट्रेस ने अमिताभ बच्चन और शाहरूख खान जैसे कलाकारों के साथ काम किया था. लेकिन एक्ट्रेस ने फिल्मों में अपनी शुरुआत 'जीना सिर्फ मेरे लिए' में एक छोटे से किरदार से की थी. इसके बाद आई उनकी फिल्में 'ख्वाहिश' और 'मर्डर' से वे चर्चा में आ गईं. इस फिल्म के बाद मल्लिका को एक खास पहचान मिली. मल्लिका बोल्ड सीन ही नहीं शानदार एक्टिंग के लिए भी जानी जाती हैं. हाल ही में मल्लिका ने एक बार फिर से सोशल मीडिया पर अपनी हॉट फोटोज शेयर की हैं. इन फोटोज में एक्ट्रेस बीच की फोटोज शेयर की हैं. खास बात ये है कि एक्ट्रेस इन फोटोज में बिकिनी टॉप पर शार्ट्स में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने आंखों पर चश्मा पहना हुआ है. फोटो शेयर करते हुए मल्लिका ने बताया है कि ये उनकी पुरानी फोटो हैं. फोटोज में एक्ट्रेस के चहेरे पर मुस्कान भी देखी जा सकती है. मल्लिका अपने इसी खास अंदाज के लिए फैंस के बीच खास तौर पर जानी जाती हैं. फिलहाल मल्लिका की ये फोटोज तेजी से वायरल हो रही हैं।

### सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं मल्लिका

मल्लिका अब समय-समय पर सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट के जरिए फैंस को अपनी लाइफ अपडेट्स देती रहती हैं।

## स्वरा भास्कर ने साड़ी में दिखाए सेंशुअस मूव्स

बॉलीवुड में अपनी बेबाक अंदाज के लिए मशहूर एक्ट्रेस स्वरा भास्कर इन दिनों पार्टी मूड में नजर आ रही हैं. जी हां, एक्ट्रेस ने अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है जिसे लेकर एक्ट्रेस चर्चा में चल रही हैं. स्वरा भास्कर ने सोशल मीडिया



पर अब से कुछ देर पहले अपना एक वीडियो पोस्ट किया है इस वीडियो में एक्ट्रेस साड़ी पहने हुए नजर आ रही हैं. इस वीडियो में वो अकेले आफ्टर पार्टी करते हुए नजर आ रही हैं. स्वरा भास्कर ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा , 'अकेली आफ्टर पार्टी.' कोई खास वजह न होने पर भी एक अच्छी वजह है.' स्वरा भास्कर ने इसे शुक्रवार भोर में पोस्ट में किया है. जहां स्वरा के फैंस उनकी इस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं. एक्ट्रेस के फैंस इस वीडियो पर लगातार कमेंट कर रहे हैं. जहां एक महिला यूजर ने एक्ट्रेस की वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा है कि ये हम हैं, और ये हमारी साड़ी है, और यहां हमारी आफ्टर पार्टी हो रही है. वहीं कुछ लोग उनका ये अंदाज देखने के बाद उन्हें जमकर ट्रोल भी कर रहे हैं. जी हां एक्ट्रेस के इस वीडियो को देख लोगों ने लिखा है कि ये मोदी को हराने निकली है तरह तरह के कमेंट इस वीडियो पर लगातार आ रहे है. जहां एक्ट्रेस इस वीडियो में बादशाह के गाने 'तारीफा' पर डांस कर रही हैं. जहां वो बेहद खुश भी हैं. एक्ट्रेस कई बार सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ अपनी राय रखने को लेकर ट्रोल होती रहती हैं. फिल्मों की बात करें तो एक्ट्रेस हमें आखिरी बार साल 2018 में आई अपनी फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' में नाजर आई थीं. जहां इस फिल्म में उन्होंने साक्षी नाम की एक बिजनेस वुमन का किरदार निभाया था।

## सिंहस्टा और हनी सिंह का गाना मॉर्डन रांझा रिलीज होते ही मचा रहा धमाल

सिंगर सिंहस्टा और यो यो हनी सिंह एक बार फिर से एक दूसरे के साथ काम करते हुए नजर आए हैं। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि उनका नया गाना मॉर्डन रांझा आज रिलीज कर दिया गया है। ये गाना रिलीज होने के बाद से ही लगातार सुर्खियों में बना हुआ है और सोशल मीडिया यूट्यूब पर ट्रेंड भी कर रहा है। यो यो हनी सिंह और सिंहस्टा के इस गाने में दोनों जमकर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। मॉर्डन रांझाा गाने में एक कहानी भी चल रही होती है। पंजाबी पॉप म्यूजिक को बदलने में सिंहस्टा का बहुत बड़ा योगदान है। मॉर्डन रांझा का लेखन और कंपोज सिंहस्टा ने ही किया है। इस गाने के बोल मजेदार है और टेंपो बीट पर या बनाया गया है। यो यो हनी सिंह का ये गाना आज के युवाओं को काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। जिसको लोगों की तरफ से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। रिलीज होते इस गाने को ढेर सारे व्यूज भी मिल चुके हैं।


# प्रभास के साथ फिल्म सलार में श्रीनिधि शेट्टी करेगी रोमांस



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता प्रभास आने वाले दिनों में कई फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाले हैं। जिसमें उनकी फिल्म सलार भी शामिल है। इस फिल्म का ऐलान कुछ समय पहले ही मेकर्स ने कर दिया था। फिल्म का निर्देशन केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील करने वाले हैं। फिल्म केजीएफ 2 के प्रशांत नील सलार का निर्देशन करने वाले है। ऐसे में जाहिर है कि सुपरहिट कलाकारों की फिल्म के बारे में दर्शक जानने के लिए उत्साहित होंगे। फिल्म सलार को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज दिखाई दे रहा है। प्रभास की फिल्म सलार का ऐलान जब से हुआ है। दर्शक हर एक छोटी बड़ी बात जानना चाहते हैं। अब ऐसे में फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। जिसको जानने के बाद दर्शकों का उत्साह और भी ज्यादा बढ़ने वाला है। पहले आई खबरों में ऐसा कहा जा रहा था कि फिल्म सलार में प्रभास के साथ अभिनेत्री श्रुति हासन नजर आने वाली हैं। लेकिन अब कहा जा रहा है उसमें यह है कि प्रभास के साथ श्रुति हसन नहीं नजर आएंगी। इस वक्त कि आई ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि प्रभास के साथ सलार में श्रुति हासन नहीं बल्कि केजीएफ स्टार श्रीनिधि शेट्टी नजर आने वाली हैं। केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील ने अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी को फिल्म में प्रभास के ऑपोजिट साइन किया है। जिसमें श्रीनिधि शेट्टी प्रभास के साथ रोमांस करते हुए नजर आने वाली हैं। इसके अलावा उनका एक स्पेशल डांस नंबर भी होगा। इस गाने को लेकर मेकर्स की योजना है कि वो इसे बड़े स्तर पर निर्माण करें। हालांकि अगर हम बात करें फिल्म सलार की तो फिल्म को लेकर जल्दी ही काम शुरू होने वाला है।

# पहली बार डबल रोल में दिखेंगी श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर के हाथ एक और दिलचस्प फिल्म आ गई है. वह जल्द ही रोमांटिक कॉमेडी फिल्म चालबाज इन लंदन में नजर आएंगी. इस फिल्म को पंकज प्राशर डायरेक्ट करेंगे जिन्होंने श्रीदेवी की क्लासिक फिल्म चालबाज बनाई थी. ये फिल्म भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी सीरीज और डायरेक्टर अहम खान और शकीर खान के पेपल डॉल एंटरटेनमेंट के बैनर के तले बन रही है. इस फिल्म के जरिए श्रद्धा पहली बार डबल रोल में नजर आएंगी जिसके लिए वह काफी एक्साइटेड भी हैं. श्रद्धा का कहना है, 'मैं बहुत खुश हूं कि भूषण सर और अहमद सर को लगता है कि मैं इस किरदार को निभा पाऊंगी. हालांकि ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी



है जिसे मुझे पूरा करना है. ये मेरे लिए बड़ा मौका है और पंकज सर से मुझे काफी कुछ सीखने को मिलेगा. इस जर्नी को लेकर काफी नर्वस और एक्साइटेड हूं.'

वहीं फिल्म के डायरेक्टर प्राशर का कहना है कि उन्हें भरोसा है कि श्रद्धा इस फिल्म में अच्छा काम करेंगी. उन्होंने कहा, 'मेरे लिए चालबाज इन लंदन के लिए श्रद्धा से बेहतर कोई और नहीं है. मैं भूषण कुमार और अहमद खान को भी धन्यवाद कहना चाहूंगा जिन्होंने मेरे विजन और आइडिया को समझा और मुझपर ट्रस्ट किया. मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं.'

हालांकि अभी तक ये क्लीयर नहीं हो पाया है कि चालबाज इन लंदन श्रीदेवी की फिल्म चालबाज का रीमेक है नहीं. हालांकि भूषण का कहना है कि इस फिल्म की कहानी काफी अलग और दिलचस्प है जो इससे पहले नहीं सुनी।

## पलक तिवारी की डेब्यू फिल्म रोजी का टीजर रिलीज

छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री श्वेता तिवारी पिछले काफी समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई थी। अब इसी बीच अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत करने जा रही है। श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी इंडस्ट्री में फेमस चेहरा है। अब वो बॉलीवुड में अपने अभिनय को जलवा बिखेरते हुए नजर आएंगी। श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी उन्हीं की तरह बेहद खूबसूरत है। अब पलक तिवारी की डेब्यू फिल्म रोजी का टीजर रिलीज कर दिया गया है। पलक तिवारी फिल्म से अपने करियर की शुरुआत कर रही हैं। इन दिनों अपनी फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं। इसी बीच अब मेकर्स ने फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है। टीजर रिलीज होते ही वायरल हो रहा है। जिस पर लोगों की भी अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आ रही है। पलक तिवारी का ये वीडियो मशहूर फोटोग्राफर योगेश ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमें अभिनेत्री का अंदाज भी देखने वाला है। फिल्म में अरबाज खान की एंट्री भी होती है। जिसमे वाइस ओवर होता है कि, अगर भगवान हर जगह होता है तो प्यार भी हर जगह होता है।



# सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा शाहिद कपूर का फनी गाना



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्मों में व्यस्त हैं। जिसमें उनकी फिल्म जर्सी जैसी शामिल है। इस फिल्म की शूटिंग अभिनेता ने कुछ समय पहले ही पूरी की है। अब फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद लगातार अभिनेता शाहिद कपूर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक के बाद एक मजेदार और फनी वीडियोस शेयर करते रहते हैं। अब हाल ही में अभिनेता शाहिद कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। अभिनेता के इस वीडियो को देखने के बाद आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे। शाहिद कपूर अपने इस वीडियो में बेसुरे अंदाज में गाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं इस दौरान उनका चेहरा भी काफी ज्यादा फनी लग रहा है। शाहिद कपूर ने अपना ये वीडियो जैसे ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट शेयर किया वैसे ही लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आने लगी। वहीं कई लोगों ने अभिनेता शाहिद कपूर के वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा कि, अरे भाई किस लाइन में आ गए। वहीं एक ने लिखा कि, ई का बवाल है। इसके अलावा और भी कई तरह के फनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर लोगों के सामने आ रही है।

# सावधान! अगर आप भी करती हैं हेअर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल तो जान लें इसके साइड इफेक्ट



आज के इस भाग दौड़ की जिंदगी में समय कम होने के कारण शरीर के अनचाहे बालो को हटाने के लिए बहुत से लोग बाजार में मिलने वाली कई कंपनीयों के हेअर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस तरह की हेअर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करने से कितनी सारी बीमारी और साइड इफेक्ट होते हैं। तो आइये जानते हैं कुछ ऐसे ही बुरे प्रभावों के बारे में....

1. हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करनेसे कोई फायदा नही क्यूंकि यह. लंबे समय तक नहीं चलते और जैसा की आपने देखा होगा कि जिस कोमलता का ये लोग वादा करते हैं वो सिर्फ 2-3 दिन के लिए ही होता है। इसलिए इन हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करने का कोई फ़ायदा नहीं होता है।

2. गन्दी महक हेयर रिमूवल क्रीम बेचने वाले चाहे कितना भी दावा कर लें कि इसमें फूलों की खुशबू है। लेकिन इसे जब आप लगाएंगी तो वही गंदी महक आती है।

3. मोटे बाल यह उन महिलायों के लिए बिलकुल अच्छा नहीं है जिनके बाल बहुत मोटे होते हैं। क्योंकि उन्हें हटाने के लिए बहुत सारी क्रीम का इस्तेमाल करना पड़ता है। और यह उन लोगो को बहुत महंगा पड़ता है। क्योंकि इनका छोटा पैक भी बहुत महंगा आता है।

4. चकत्ते अक्सर देखा गया है कि कुछ लोगों की संवेदनशील त्वचा होती है। और इसके इस्तेमाल से उनकी त्वचा में चकत्ते पड़ जाते हैं। कई बार इनमें बहुत दर्द होता हैं। जिसकी वजह से इन हेयर रिमूवल क्रीम के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

## सैनिटाइजर के ज्यादा इस्तेमाल से हो सकता है आपको नुकसान, जानिए साइड इफेक्ट

पूरी दुनिया इन दिनों कोरोना महामारी से जंग लड़ रही है। कोरोना से बचने के लिए तमाम देशों में वैक्सीन पर ट्रायल शुरू हो चुका है। हालांकि ये लोगों के पास कब तक आएगा ये साफ नहीं हो पाया है। ऐसे में इस वायरस से बचने के लिए मास्क और सैनिटाइजर ही लोगों के पास हथियार के रूप में बचा है। लेकिन क्या आपको पता है कि, ज्यादा सैनिटाइटर का इस्तेमाल नुकसानदेह है। जी हां, हाल ही में सैनिटाइजर को



लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी जारी की है। दरअसल स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि वे हैंड सैनिटाइजर का ज्यादा इस्तेमाल न करें। इसका बहुत अधिक उपयोग हानिकारक भी हो सकता है।

सैनिटाइजर अच्छे बैक्टीरियां को मारने का काम करता है इसीलिए जरूरत पड़ने पर हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने से खुजली और रेडनेस हो सकता हैं। जरूरत से ज्यादा हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने पर स्किन ड्राई हो जाती है। अगर आप खाने से पहले हाथों को हैंड सैनिटाइज करते हैं तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक है। अगर आप अपने होंठों को छूते है तो कोई बड़ी बात नहीं हैं। लेकिन अगर आपके मुंह में सैनिटाइजर जा रहा है तो अल्कोहल पाईजनिंग हो सकती हैं। सीडीसी के मुताबिक, खासकर बच्चे हैंड सैनिटाइजिंग करते समय पॉइजनिंग का शिकार होते हैं। इसीलिए बच्चों से सैनिटाइजर को दूर रखें। कई अध्यनों में इस बात का दावा किया गया कि अगर बच्चे जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करते है तो आपकी इम्युनिटी को नुकसान पहुंच सकता है। हैंड सैनिटाइजर में ट्राइक्लोसान नाम का केमिकल होता है। जो हाथों से स्किन में सोख लेती है। जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है।

## टला नहीं है खतरा

पिछले कुछ समय से कोरोना विषाणु के संक्रमण की रफ्तार धीमी होने की वजह से लोगों में यह धारणा बनने लगी थी कि अब खतरा टल गया है। यही वजह रही कि अपनी ओर से संक्रमण से बचाव के लिए अपनाए जाने वाले उपायों को लेकर लोग लापरवाही या उदासीनता बरतने लगे, जबकि तथ्य यह है कि इस विषाणु के फैलने से रोकने के लिए जो उपाय लागू किए गए थे, उन्हीं के बूते संक्रमण के खतरे को कम किया जा सका था। अब कोरोना वायरस महामारी को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने एक बार फिर से सख्त चेतावनी जारी की है। डब्लूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस अधनोम घेब्रेसियस ने कहा कि हमें यह दिखावा नहीं करना चाहिए कि कोरोना हमारे बीच नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें अभी भी खुद को बचाने की जरूरत है। डब्लूएचओ प्रमुख की चेतावनी ऐसे समय में आई है जब फिर से एक बार कोरोना के चलते मौतों में वृद्धि देखी गई है। खुद भारत में कोरोना के मामलों में तेज वृद्धि देखी जा रही है। टेड्रोस ने कहा, हम यह दिखावा नहीं कर सकते कि यह (कोविड-19) अब हमारे बीच मौजूद नहीं है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, कोविड-19 के साथ जीना सीखने का मतलब यह नहीं है कि हम दिखावा करते फिरें कि कोरोना अब मौजूद नहीं है। हमें अपने पास मौजूद सभी साधनों का इस्तेमाल अपनी सुरक्षा और दूसरों की सुरक्षा के लिए करते रहना होगा। दुनिया भर में चार हफ्तों में कोविड-19 से संबंधित मौतों में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि भारत में सरकार का कहना है कि नए मामले अभी हल्की प्रकृति के हैं, इसलिए इससे घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन सावधानी के लिए सरकार ने बचाव के उपायों को लेकर नियम-कायदों को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। दिल्ली में मास्क नहीं लगाने पर अब फिर 500 रुपए का जुर्माना देना होगा। अब अगर बचाव के उन्हीं उपायों को लोग ताक पर रख कर अपना व्यवहार तय कर रहे हैं तो उसका नतीजा क्या हो सकता है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। स्वाभाविक ही कुछ वक्त की दिखने वाली राहत के बाद अब एक बार फिर विषाणु के संक्रमण की ताजा रफ्तार ने आम लोगों से लेकर सरकार तक की चिंता बढ़ा दी है। खासतौर पर दिल्ली में कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों से यही पता चलता है कि लोगों की यह धारणा गलत थी कि अब संक्रमण रुक गया है और इसे लेकर बहुत ज्यादा फिक्रमंद होने की जरूरत नहीं है। जबकि शुरू से इस विषाणु और इसके अलग-अलग बहुरूप ने अपने संक्रमण को लेकर कोई स्थिर रवैया नहीं अपनाया। जाहिर है, हाल के दिनों में फिर से इस विषाणु ने आक्रामक रवैया अख्तियार करना शुरू कर दिया है। दरअसल, इस बार कोरोना के ओमिक्रान बहुरूप के नए उप-रूप बीए2.75 की वजह से संक्रमण की रफ्तार बढ़ी है। यानी हर कुछ समय बाद इसके स्वरूप में बदलाव आया है, जिसकी वजह से इससे निपटने को लेकर अतिरिक्त सजगता की जरूरत है। आज यह नहीं कहा जा सकता है कि इस विषाणु के फैलने की कोई एक प्रकृति है और सिर्फ उसी को लेकर सावधान होना चाहिए। पहले यह जरूर कहा गया था कि कोरोना का टीका लोगों को इसके संक्रमण से सुरक्षा देगा, लेकिन इस विषाणु के फैलने की बदलती प्रकृति ने यह बताया है कि अगर टीका लेने वाले लोग भी बचाव के उचित उपायों को लेकर ढीला रुख अख्तियार करते हैं तो उनके फिर से कोरोना विषाणु की चपेट में आने की आशंका बनी रहेगी। अमूमन हर जगह इसकी प्रकृति ने दुनिया भर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों के सामने एक जटिल चुनौती पेश की है। चूंकि अभी भी इसका कोई कारगर और अंतिम इलाज नहीं खोजा जा सका है।

# हिंदू-मुस्लिम,धर्म, जात-पात बनाम भगवान का अपमान?

सनत कुमार जैन



मानव समाज की सहायता के लिए हिंदुओं को भी बिना किसी भेदभाव के आगे आना चाहिए। आजादी के 75 साल बाद भी यह भेद भाव बना हुआ है। सत्ता का आचरण वही है। जो 2000 हजार साल पहले बना हुआ था। ऐसे में धार्मिक आधार पर ज्यादा लंबे समय तक सत्ता कर पाना किसी भी सत्ताधारी के लिए संभव नहीं है। इतिहास से सबक लेने की जरूरत है। जनता को भी अपने अधिकारों और कर्तव्यों के लिए सजग रहने की जरूरत है। ताली दोनों हाथ से बजती है। आम जनता शोषण को बर्दाश्त करती है। इसलिए शोषण बढ़ता ही जाता है। शोषण का विरोध करने पर शोषक अपनी परिधि में रहने के लिए विवश होता है। आम जनता की सबसे बड़ी ताकत उसकी भूख होती है। भोजन प्राप्त करने और अपने जीवन को बचाए रखने की ताकत समय-समय पर सत्ता से ज्यादा ताकत के रूप में प्रकट होती रही है। 1917 की जार क्रांति हो या हाल ही का श्रीलंका में हुई, बगावत को ध्यान में वर्तमान सत्ता को भी रखना होगा। भगवान कृष्ण ने गीता में अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा था। कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥ कर्म का फल हर जीव को समय आने पर भोगना ही पड़ता है। कर्म का फल मिलता ही है। इसको टालना भगवान के बस में भी नहीं है। हिंदू धर्म में पुनर्जन्म और कर्म फल की अवधारणा सभी धर्म ग्रंथों में है। कर्म का फल ही एक ऐसा फल है, जो किसी दूसरे व्यक्ति को ना तो दिया जा सकता है, नाही इससे बिना फिलत मुक्त हुआ जा सकता है।

धर्म आचरण में धारण करना होता है। हिंदू-मुस्लिम, सिख-ईसाई, जैन, सनातन धर्म में किसी का जन्म नहीं होता है। धर्म-धारण कर उसके अनुरूप आचरण करना ही धार्मिक बनाता है। वर्तमान में जिस कुल में जन्म हुआ है उसी को धर्म मान लिया जाता है। जन्म और मृत्यु में किसी का कोई वश नहीं होता है। कर्म फल के अनुसार जन्म होता है। जन्म किस धर्म, किस कुल में होगा, कहां होगा, इसका निर्धारण कर्म फल के आधार पर ईश्वर के विधि-विधान में ही संभव है। ऐसी स्थिति में यदि जात-पात और धर्म के आधार पर हम किसी के साथ भेद-भाव करते हैं। तो यह एक तरह से ईश्वरीय विधि-विधान का अपमान ही होगा। प्रत्येक धर्म में किस तरह का आचरण करना चाहिए। यह उनके धर्मग्रंथों पर बताया गया है। पुराण, कुरान, गुरुग्रंथ साहब इत्यादि में धर्म के मूल सिद्धान्त है। मानव जीवन में हम उसके अनुसार आचरण नहीं करके, जिस धर्म में जन्म लिया है। उसी से जुड़कर अपने आपको उस धर्म का मान लेते हैं। यह सही नहीं है। धार्मिक आधार पर यदि अपने जीवन में नैतिक और धार्मिक को आचरण के नित्य जीवन में धारण करेंगे। तो निश्चित रूप से आप धार्मिक होंगे। आपके कर्म फल भी अच्छे होंगे। जो आपके आने वाले जीवन के लिए वर्तमान और भविष्य में कर्म फल के रूप में आप ही को प्राप्त होंगे। हिंदू धर्म में इसका उल्लेख सभी ग्रंथों में समाहित है। कर्मफल के आधार पर ही भाग्य से पुनर्जन्म होता है। मनुष्य जीवन, लंबे समय के बेहतर कर्म फल के सिद्धांत पर आधारित है। मनुष्य जीवन में आप अपने कार्य विवेक के अनुसार कर सकते हैं। देवत्व और मोक्ष प्राप्त करने के लिए भी, मनुष्य जन्म लेकर अपने कर्म फल के माध्यम से ही देवत्व को प्राप्त किया जा सकता है।

सनातन धर्म अनादि काल से चला आ रहा है। इसके बाद भी भारत जैसे देश में सनातन धर्म के मानने वालों की संख्या उस अनुपात में नहीं बढ़ी। जिस अनुपात में दूसरे धर्म को मानने वालों की बढ़ी है। हिन्दू धर्म को छोड़कर मुस्लिम, इसाई और बौद्ध धर्म में धर्मान्तरण करने वालों की संख्या बढ़ी है।

क्रिश्चियन धर्म जो लगभग 2000 साल पुराना है। इस्लाम धर्म लगभग 1400 साल पुराना है। पिछले 800 वर्षों में यह दोनों धर्म सारी दुनिया के देशों में बड़ी तेजी के साथ फैल गए। वहीं हिंदुओं अर्थात सनातन धर्म अपनाने वालों की संख्या नहीं बढ़ी। इसके पीछे निश्चित रूप से कोई न कोई कारण तो होगा, इसको जानने की जरूरत है। सारी दुनिया के प्रचलित प्राचीन धर्म के मानने वालों की संख्या घटती चली गई। वहीं क्रिश्चियन और इस्लाम मानने वालों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। इसमें धार्मिक कम सामाजिक व्यवस्था में उन धर्मों को मानने वालों लोगों ने गरीब, बेसहारा और मुसीबतजदा लोगों की सहायता कर उन्हें अपने धर्म के प्रति आकर्षित किया है। यह काम सनातनी और हिन्दू धर्म मानने वाले क्यों नहीं कर पाए। हिंदूधर्म (सनातन धर्म) में छुआ-छूत, भेद-भाव, एक दूसरे की मदद नहीं करना मुख्य कारण है। जब सत्ता अथवा सामर्थ्य की ताकत प्राप्त होती है। उस समय निर्बलों की मदद करने के स्थान पर क्रूरतापूर्ण व्यवहार से हिंदूओं के बीच समय-समय पर धर्म परिवर्तन होता आया है। जिसका कारण धर्म के मूल गुणों के अनुसार आचरण नहीं करने से आपने ही हिन्दू धर्म छोड़कर अन्य धर्म धारण करने विवश होता है। यहां ध्यान रखना होगा, धर्म परिवर्तन तभी आदमी करता है। जब उसके जीवन-मरण के बीच और कोई रास्ता ना बचा हो, अथवा वह अपने ही धर्म के लोगों की उपेक्षाओं से नाराज हो।

1001 से 1027 के बीच महमूद गजनवी ने भारत में 17 बार आक्रमण किए। सैकड़ों की जनसंख्या में आए आक्रांताओं ने बड़ी-बड़ी रियासतों पर आक्रमण किया। मुस्लिमों अथवा इस्लाम मानने वाले लुटेरों का भारत में प्रवेश शुरू हुआ। लाखों लोगों के बीच में हजारों की संख्या में आए लुटेरों ने राजाओं, जागीरदारों के महलों पर कब्जा कर लिया। जनता क्रूर हिंदू राजाओं और जागीरदारों के समर्थन में खड़ी नहीं होती थी। उस समय के राजा और जागीरदार अपनी ही प्रजा का शोषण करते थे। उनके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार करते थे। इसके स्थान पर जो मुस्लिम आक्रांता आए, उन्होंने जनता के बीच हिंदू शासकों की अपेक्षाकृत बेहतर शासन करना शुरू किया। जिसके कारण 600 वर्षों तक भारत में बड़ी तेजी के साथ मुस्लिम शासक शासन करते रहे। आम जनता ने उनका कोई विरोध नहीं किया। उल्टे मुस्लिम शासकों का शासन एक तरह से आम जनता ने स्वीकार किया। इस वास्तविक्ता पर हिंदू शासकों और धार्मिक साधु-संतों ने कभी ध्यान नहीं दिया।

वर्ष 1600 में भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी व्यापार करने के लिए आई। इस कंपनी ने हिंदू और मुस्लिम राजाओं को आर्थिक सहायता देकर उनकी सत्ता में भागीदारी की। 1848 में लॉर्ड डलहौजी प्रथम गवर्नर जनरल बने। ब्रिटिश सरकार का शासन भारत में हुआ। अंग्रेजों के 248 साल के शासनकाल में ईस्ट इंडिया कंपनी ने 158 साल भारत के विभिन्न राजाओं की रियासतों पर कब्जा कर शासन किया। वहीं मात्र 90 साल ब्रिटिश राजा का शासन भारत में रहा।

हमें गौर करना होगा भारतीय हिंदू शासकों ने जब अपनी प्रजा का शोषण किया। जनता ने हिंदू शासकों के पक्ष में खड़ा होना स्वीकार नहीं किया। हजारों मील दूर से हजारों की संख्या में आए आक्रांताओं (लुटेरों) की आधीनता हिन्दू प्रजा ने स्वीकार कर ली। इस तथ्य पर भी गौर करना पड़ेगा, कि जब 1600 में ईस्ट इंडिया कंपनी आई। धीरे-धीरे उसका शासन और उसका प्रभाव भारत में बढ़ता चला गया। संख्या में वह भी बहुत कम थे। इसका क्या कारण था।

## चैन से सोना है तो सोने को कहें ना

सोने की चमक सभी को आकर्षित करती है। इसी आकर्षण के कारण लोग अधिक से अधिक सोना खरीदने चाहते हैं। यह चाहत तब और भी बढ़ जाती है जब सोने की कीमत में अचानक थोड़ी गिरावट आती है। लोग इस मौका का लाभ उठाना चाहते हैं। आज कल बाजार में यही स्थिति है क्योंकि सोने की कीमत कमी आयी है। आइए जानें सोने के बारे में हमारे शास्त्रों क्या कहा गया है। ज्यादातर पौराणिक ग्रंथों में इस बात को कई तरह से कहा गया है कि सोने की खरीदारी से जितनी खुशी नहीं होती है उससे अधिक चिंता बढ़ जाती है। हमेशा यह चिंता सताती है कि सोना चोरी न हो जाए। इसे कैसा संभालकर रखें। पड़ोसी की नज़र सोने के गहनों पर नहीं जाए, क्योंकि नज़र लग जाएगी।यह भी कहा जाता है कि किसी अवसर पर सोने के गहने पहन लें तो हमेशा इसी पर ध्यान रहता है कि कहीं गिर न जाए, कोई खींच न ले। इस चिंता के कारण उत्सव का पूरा आनंद भी नहीं उठा पाते हैं। सोना सिर्फ आपको चिंतित ही नहीं करता है बल्कि आपकी सोच और व्यवहार को भी प्रभावित करता है। इससे अभिमान भी जन्म लेता है। यही कारण है कि रहीम ने लिखा है %कनक कनक ते सौगुनी, मादकता अधिकाय। वा खाये बौराय नर, वा पाये बौराय।।% इस दोहे में रहीम ने दो बार कनक शब्द का प्रयोग किया है। एक कनक धतूरे के लिए और दूसरा सोना के लिए। रहीम ने कहा है कि सोने का नशा धतूरे भी ज्यादा होता है। धतूरा खाने के बाद आदमी बौरा जाता है लेकिन सोने का नशा इतना तेज होता है कि इसे प्राप्त कर लेने मात्र से इंसान बौरा जाता है। पुराणों में कथा है कि कलियुग का प्रवेश भी सोने के माध्यम से हुआ था। कलियुग

## प्रधानमंत्री ने दिया बुराई को समाप्त करने का मंत्र

सुरेश हिन्दुस्थानी

वर्तमान में देश में दो प्रकार के स्वर वातावरण में गूंज रहे हैं। एक तरफ राष्ट्रीय प्रवाह को आत्मसात करने वाला वर्ग है तो दूसरी तरफ इस धारा के विरोध में विचार रखने वाला वर्ग भी है। इस वर्ग का हमेशा यही प्रयास रहता है कि राष्ट्रीय भाव को प्रदर्शित करने वाली किसी भी बात का क्या काट हो सकता है। अभी देश में %हर घर तिरंगा चलाया गया। कई राजनीतिक दलों ने अपने स्वभाव के अनुसार इस अभियान पर सवाल खड़े किए। जबकि यह एक राष्ट्रीय अभियान था, जो भारत सरकार ने चलाया था, भारतीय जनता पार्टी ने नहीं। लेकिन विपक्ष के राजनीतिक दलों ने इस अभियान को ऐसे प्रचारित किया कि जैसे यह मात्र भाजपा का ही अभियान हो। यहां मुख्य बात यह है कि किसी बात का राजनीतिक विरोध हो सकता है, लेकिन राष्ट्रीयता का विरोध कतई नहीं होना चाहिए। सबसे अच्छी बात यह है राष्ट्रीय अभियान हर घर तिरंगा में भारत की जनता का अच्छा समर्थन मिला। यही समर्थन विपक्ष के सभी दलों की ओर से भी मिलता तो और भी अच्छा रहता, लेकिन आज के राजनीतिक वातावरण को देखकर ऐसा लगता है कि मतभेद की राजनीति मनभेद तक पहुंच चुकी है। वास्तव में राष्ट्रीयता के नाम पर मन में किसी भी प्रकार का भेद नहीं होना चाहिए। अगर सरकार की कोई बात अच्छी नहीं लगती तो उसका विरोध रचनात्मक तरीके से करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन उसके बाद भी राष्ट्रीय मामलों पर सभी की एक राय होना चाहिए, क्योंकि इससे विदेशों में भारत की एकता की मजबूत छवि सामने आती है।



अभी हाल ही में लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संबोधन दिया, उसे एक प्रकार से भारत की जनता की आवाज निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि भारत की आम जनता भी यही चाहती है कि देश से भ्रष्टाचार का समाप्त होना बहुत ही आवश्यक है। हम जानते हैं कि भ्रष्टाचार एक ऐसी बुराई है, जिसने देश का बहुत बड़ा नुकसान किया है। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम न लेते हुए यह संदेश दिया कि देश से भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अपराध पूरी तरह से समाप्त होना चाहिए। इसको समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री ने देश के सम्पूर्ण समाज से आह्वान किया कि आइए, हम सब मिलकर इस बुराई को समाप्त करने की पहल करें। देश भी स्वाभाविक रूप से यही चाहता है कि यह सब समाप्त होना चाहिए। क्योंकि भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति ने देश के समाज का बहुत बड़ा नुकसान किया है। आज देश का हर नेता अपने परिवार को राजनीति में बढ़ाने में लगा है। इस मामले में कांग्रेस पर तो हमेशा ही सवाल उठते रहे हैं, लेकिन और भी कई राजनीतिक दल हैं, जो मात्र इसी प्रकार की राजनीति करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात कर रहे हैं। बिहार की राजनीति का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हो चुका है, लेकिन वे स्वयं और उनके परिवार के किसी भी सदस्य के चेहरे पर इस अपराध का भाव दिखाई नहीं देता। कहा जाता है कि लालू प्रसाद यादव के पास प्रारंभ में कुछ भी नहीं था, उसके परिवार के हर सदस्य के पास आज करोड़ों की संपत्ति है। इतना ही नहीं उनका परिवार आज भी बिहार की सक्रिय राजनीति का हिस्सा है और अब तो बिहार की सरकार में भी शामिल हो चुका है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दृष्टि में जो परिवार बिहार में जंगलराज लाने का दोषी था, आज राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते उसी परिवार के साथ राजनीति कर रहे हैं। यहां गौर करने वाली बात यह है कि भाजपा के साथ सरकार चलाकर जिस नीतीश कुमार ने सुशासन बाबू की छवि निर्मित की थी, आज वह नीतीश कुमार कुशासन के रास्ते पर क्यों चल रहे हैं। हालांकि बिहार के बारे में राजनीतिक रूप से बहुत कुछ लिखा जा सकता है, लेकिन यह मूल विषय से हटकर है।

अब हम फिर से प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए मुद्दों पर ही आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भ्रष्टाचार समाप्त करने की बात विपक्ष खासकर कांग्रेस को बहुत बुरी लगी है। यहां प्रश्न इस बात का है कि जब प्रधानमंत्री यह बात सबके बारे में कह रहे हैं तो केवल कांग्रेस को अपने दिल पर नहीं लेना चाहिए। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने अपनी भड़ास निकालते समय भाजपा को आड़े हाथ लेने का प्रयास किया।

# संकट में पाक

सिद्धार्थ शंकर

श्रीलंका की तरह पाकिस्तान भी गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। पाकिस्तान में महंगाई दर पिछले एक दशक के उच्चतम स्तर पर है। देश में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें और बिजली के भाव भी आसमान छू रहे हैं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बेहद नाजुक स्थिति में है। जनता का शासन-व्यवस्था के प्रति विश्वास घट रहा है। अर्थव्यवस्था उस स्थिति में पहुंच गई है जहां रिकवरी मुश्किल ही नहीं, असंभव लगती है। देश ने दिशा खो दी है। एक समग्र राष्ट्र के लिए दो चीजें अत्यावश्यक होती हैं- सुचारू रूप से चलने वाला आर्थिक तंत्र और राजनीतिक स्थिरता। ये दोनों पहलू एक-दूसरे के पूरक हैं। शासन-प्रशासन राजनीतिक ध्रुवीकरण का शिकार है। गलत प्राथमिकताओं पर एकाग्रता के कारण गवर्नेंस के लिए मूलभूत नीतियों की अवहेलना की प्रवृत्ति ने पाकिस्तान को भयावह संकट के सामने ला खड़ा किया है। राजनीतिक और आर्थिक विफलताओं के कारण देश अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और बड़े देशों से कर्ज पर जीने के लिए मजबूर हो गया है। ये अब बार-बार इस्लामाबाद से कर्ज को चुकता करने के लिए कह रहे हैं। इनमें वे देश भी शामिल हैं, जिन्हें पाकिस्तान अपना मित्र कहता है। संक्षेप में, पाकिस्तानियों के लिए यह जानकारी हासिल करना बड़ी पहेली है कि कोई चीज किस हद तक उनकी अपनी है या सब गिरवी रखी हुई है। पाकिस्तान कर्ज में डूबा हुआ है। उसकी राहत का उपाय



एक ही है, ज्यादा से ज्यादा कर्ज लेना। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से एक अन्य समझौता करने पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। आईएमएफ ने दो अरब डॉलर की मंजूरी के लिए कागजात तैयार कर लिए हैं, जिन पर पाकिस्तान को भरे हुए और निर्दिष्ट स्थानों पर दस्तखत करने हैं। आईएमएफ ने कर्ज के लिए कड़ी शर्तें रखी हैं। वह पाकिस्तान को सुस्पष्ट रूप से निर्देशित कर रहा है कि वह कर्ज में मिले एक-एक पैसे को कैसे खर्च करे। पाकिस्तान को अपना बजट आईएमएफ के अनुकूल बनाना होगा। यानी आईएमएफ के निर्देशानुसार करों को बढ़ाना, ईंधन कीमतों में वृद्धि करना और लगभग दैनिक आधार पर अपने फाइनेंस के मॉनिटरिंग की अनुमति देना आदि। यह स्थिति पाकिस्तान के लिए वित्तीय बंधक बनने के करीब ही है। अन्य आर्थिक मुद्दे भी हैं, जिन्हें संबोधित करने की जरूरत है। उसने चीन, सऊदी अरब और यूएई से जो भारी मात्रा में कर्ज लिया है, उसे चुकाने का कोई भी खाका तैयार नहीं है। इन देशों और आईएमएफ से लिए कर्ज को चुकाने की क्षमता पाकिस्तान की नहीं है। वह सतत राजनीतिक अस्थिरता और आतंकवाद से बुरी तरह घिरा हुआ है। साथ ही इन समस्याओं से प्रभावशाली तरीके से निपटने में अक्षम है। सरकार को पता ही नहीं है कि धीरे-धीरे बिगड़ते इस हालात का मुकाबला कैसे करना है। इस परिदृश्य को पिछले वर्ष अक्टूबर में चित्रित किया गया था और आज की स्थिति में एक यूएस डॉलर पाकिस्तानी दो सौ रुपए से ज्यादा का है, पेट्रोल प्रति लीटर ढाई सौ रुपए बिक रहा है और महंगाई उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार 21.32 फीसदी हो गई, जो हाल के वर्ष में सबसे ज्यादा है। मुद्रास्फीति इतनी ऊंचाई पर है कि आम पाकिस्तानी दयनीयता और कष्टों के बोझ तले दबा है। परिवहन सेवाओं की दरों में उच्च स्तर पर वृद्धि से इनपुट लागत बढ़ी, मुद्रास्फीति का प्रतिशत अस्वीकार्य रूप से बढ़ गया। पाकिस्तानी मीडिया ने इन सब मुद्दों पर ध्यान खींचा है, पर देश में घोर असहायपन की भावना घर कर गई है। घरेलू स्तर पर, आम लोगों को आर्थिक बदहाली से बाहर निकालने के लिए अमीरों पर सुपर टैक्स लगाने के ऐलान से भी उनकी तकलीफों का अंत होता नजर नहीं आता। आर्थिक संकट हताशा को जन्म देता है और असहाय लोगों को खतरनाक और आततायी कृत्यों की ओर धकलेती है। वे अपराध करते हैं और अंततः उनके कदम आतंकवाद की ओर बढ़ जाते हैं। पाकिस्तान की आर्थिक मदद करने वाले देश चाहते हैं कि वह अपने बलबूते पर संसाधनों का निर्माण करे।

## सूडोकु नवताल- 6169

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6168 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## तेजस्वी यादव की नई पहल

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपने दल के मंत्रियों के लिए एक नई आचार-संहिता जारी की है, जो मेरे हिसाब से अधूरी है लेकिन बेहद सराहनीय है। सराहनीय इसलिए कि हमारे नेता ही देश में भ्रष्टाचार के सबसे बड़े स्त्रोत हैं। यदि उनमें आचरण की थोड़ी-बहुत शुद्धता शुरु होने लगे तो धीरे-धीरे भारतीय राजनीति का शुद्धिकरण काफी हद तक हो सकता है। फिलहाल तेजस्वी ने अपने मंत्रियों से कहा है कि वे बुजुर्गों से अपने पांव छुआना बंद करें। उन्हें खुद नमस्कार करें। हमारे देश में अपने से बड़ों के पांव छूने की जो परंपरा है, दुनिया के किसी भी देश में नहीं है। जापान में कमर तक झुकने, अफगानिस्तान में गाल पर चुम्मा जमाने और अरब देशों में एक-दूसरे के गालों को छुआने की परंपरा मैंने देखी है लेकिन अपने भारत की इस महान परंपरा को सत्ता, पैसा, हैसियत और स्वार्थ के कारण लोगों ने शीर्षासन करवा रखा है। देश के कई वर्गों के लोगों को मैंने देखा है कि वे अपने से उम्र में काफी बड़े लोगों से अपना पांव छुआने में जरा भी संकोच नहीं करते बल्कि वे इस ताक में रहते हैं कि बुजुर्ग उनके पांव छुएं तो उनके बड़प्पन का सिक्का जमे। बिहार और उत्तरप्रदेश में तो मंत्रियों, सांसदों और साधुओं के यहां ऐसे दृश्य अक्सर देखने को मिल जाते हैं। तेजस्वी यादव इस कुप्रथा को रूकवा सकें तो उन्हें यह बड़ा नेता बनवा देगी। तेजस्वी ने दूसरी सलाह अपने मंत्रियों को यह दी है कि वे आगंतुकों से उपहार लेना बंद करें। उनकी जगह कलम और किताबें लें। कितनी अच्छी बात है, यह? लेकिन नेता उन किताबों का क्या करेंगे? किताबों से अपने छात्र-काल में दुश्मनी रखनेवाले ज्यादातर लोग ही नेता बनते हैं। तेजस्वी की पहल पर अब वे कुछ पढ़ने-लिखने लगें तो चमत्कार हो जाए। वरना होगा यह कि वे किताबें भी अखबारों की रद्दी के साथ बेच दी जाएंगी। डर यह भी है कि अब मिठाई के डिब्बों की बजाय किताबों के डब्बे मंत्रियों के पास आने लगेंगे और उन डिब्बों में नोट भरे रहेंगे। तेजस्वी ने तीसरी पहल यह की है कि मंत्रियों से कहा है कि वे अपने लिए नई कारें न खरीदवाएं। यह बहुत अच्छी बात है। लेकिन यह काफी नहीं है। तेजस्वी चाहें तो नेताओं के आचरण को आदरणीय और आदर्श भी बनवाने की प्रेरणा दे सकते हैं। पहला काम तो वे यह करें कि सांसदों और विधायकों की पेंशन खत्म करवाएं। दूसरा, उन्हें सरकारी मकानों में न रहने दें। अब से 50-55 साल पहले वाशिंगटन में मैं 45 डॉलर महिने के जिस कमरे में रहता था।

# झरना वाले हनुमान मंदिर के आस पास के आवासहीनों के आशियानों को नहीं उजाड़ा जाए



## मुख्यमंत्री निवास तक पहुंचा मामला

**कैलारस।** नगर के अंतर्गत वार्ड 7 में खोरी माता मंदिर व झरना वाले हनुमान मंदिर के बीच की आवासहीन गरीबों की बस्ती को उजाड़ने की कार्यवाही नहीं की जाए। इस मांग को लेकर मामला मुख्यमंत्री निवास तक पहुंच गया है। उक्त बस्ती में आवासहीन गरीबों के लगभग एक सैकड़ा से ज्यादा परिवार निवास करते हैं। यह परिवार विगत 10-15 बरसों से निवासरत हैं। वहां पर बुनियादी सुविधाओं का भी पूरी तरह अभाव है। पीने के पानी की सुविधा एवं रास्ते की सुविधा नहीं होने के बाद भी आवासहीन, गरीब लोग निवास कर रहे हैं। विगत दिनों 2 बार प्रशासनिक अमला बुलडोजर लेकर उक्त स्थान पर बस्ती को उजाड़ने पहुंच चुका है। उनका कहना है कि उक्त स्थान पर वाटर फिल्टर प्लांट, कॉलेज और गौशाला के लिए भूमि आवंटित हुई है। इसलिए हम आवासों को जमींदोज करके यहां पर उक्त परियोजनाओं को लगाएंगे। एक और वर्ष 2014 में और उसके बाद 2019 में प्रदेश सरकार द्वारा कानून पारित कर पट्टाधृति अधिकारों का प्रदाय किया जाना अधिनियम लागू कर आवासहीनों को पट्टे देने हेतु आदेशित किया है। इसमें कई हितग्राहियों के आवेदन भी लगे हुए हैं, जिन्हें अभी तक पट्टे नहीं दिए गए हैं। एक और सरकार द्वारा 2022 तक सभी को आवास देने की घोषणा की गई है। दूसरी ओर उन्हें बिना नोटिस दिए अवैधानिक तौर पर अमानवीय तरीके से उजाड़ने की तैयारी की जा रही है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की ओर से सबलगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन भी दिया गया है। उसके बाद भी आवासहीनों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। क्वारी नदी के पुल से ब्रॉड गेज लाइन को पार करके दूषित पानी लाकर उसे खोरी माता मंदिर के पास वाटर फिल्टर प्लांट से शोधित कर नगर में सप्लाई करने की योजना है। यह पूरी तरह से अदूरदर्शिता पूर्ण होकर शासकीय धन का दुरुपयोग है। यही स्थिति निर्जन बीहड़ क्षेत्र में प्रस्तावित कॉलेज में छात्र-छात्राओं के साथ भी होगी। वहां कोई पढ़ने नहीं जा सकता है। उक्त समस्त मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, माकपा नेता अशोक तिवारी एवं जिला सचिव महेश प्रजापति मुख्यमंत्री निवास भोपाल पहुंचे।



## श्री बांके बिहारी मंदिर में हुआ महाआरती का भव्य आयोजन

**मुरैना।** जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर शनिवार शाम 7 बजे सर्राफा युवा संघ द्वारा श्री बांके बिहारी मंदिर लोहिया बाजार मुरैना पर महाआरती एवं नंदोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम बैंड बाजे एवं ढोल के साथ श्री बांके बिहारी जी को माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों ने महाआरती कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आरती करते हुए सभी भक्तगण श्री बांके बिहारी की भक्ति में झूमे, इस दौरान सर्राफा युवा संघ के सभी सदस्यगण एवं रोटरी क्लब चम्बल की टीम ने भी महा आरती का आनंद लिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी भक्तजनों को माखनमिश्री, टॉफी बिस्कुट एवं मेवा का प्रसाद बांटा गया।

## कांग्रेस के डीआरओ अग्रवाल का मुरैना में हुआ स्वागत

**मुरैना।** जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन चुनाव हेतु राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा नियुक्त डीआरओ कन्हैया अग्रवाल (प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी) का रविवार को मुरैना आगमन हुआ। मुरैना



पहुंचने पर उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जिसमें मुख्य रूप से जिला कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, रामस्वरूप माहौर, दिनेश गोयल, देवेंद्र माहोर, मनोज सिंह सिकरवार, करण पाल सिंह सिकरवार, सुभाष चंद माहौर, नरोत्तम माहोर, अमित बंसल, राम पूजन पटेल, संतोष यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समाजसेवियों ने बावरीपुरा व खड़ियाहार में किया वृक्षारोपण

**मुरैना।** प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को भी एस एकेडमी के संचालक संदीप शर्मा एवं उनकी टीम ने मुरैना विकासखंड के ग्राम



बावरी पुरा एवं खड़ियाहार में जागरूकता बैठक आयोजित करते हुए लोगों को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया और ग्रामीणों की मदद से दोनों स्थानों पर एक सैकड़ा फलदार एवं छायादार वृक्ष लगवाए। उल्लेखनीय है कि श्री शर्मा प्रत्येक रविवार को मुरैना जिले के आस-पास के गांव में जाकर वृक्षारोपण के लिए लोगों में अलख जगा रहे हैं और उन्हें हरियाली के प्रति जागरूक कर रहे हैं। हरियाली के प्रति श्री शर्मा का समर्पण भाव देखते ही बनता है और वह अपने इस मिशन में तन, मन व धन से जुटे हुए हैं। टीम में उनके साथ मनीष शर्मा, लव यादव, राजेश शर्मा आदि भी शामिल थे।

# स्टेडियम में जलभराव से प्रैक्टिस नहीं कर पा रहे युवा, आज पानी में बैठकर करेंगे धरना प्रदर्शन

**मुरैना।** जिला एवं नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण मुरैना जिले के बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। स्टेडियम में आर्मी की भर्ती की तैयारी कर रहे सात सैकड़ा युवा जलभराव के कारण अपनी प्रैक्टिस नहीं कर पा रहे हैं, जबकि भर्ती में मात्र 40 दिन शेष रह गए हैं, इसको लेकर युवाओं में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने सोमवार को सुबह स्टेडियम के अंदर पानी में बैठकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।



पिछले 8 साल से अधिक समय से युवाओं को आर्मी की तैयारी करा रहे कोच योगेंद्र गुर्जर ने बताया कि स्टेडियम में जलभराव की समस्या को लेकर वह कई बार नगर निगम कमिश्नर से मिल चुके हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। बारिश का पानी तो यहां भरता ही है, लेकिन प्राइवेट एवं सरकारी बस स्टैंड का पानी भी स्टेडियम में ही पहुंच रहा है। युवाओं द्वारा अपने हाथों से कई बार मिट्टी डाली गई, लेकिन वह नाकाफी है क्योंकि हाथों से इतनी मिट्टी नहीं डाल सकते के पानी को रोका जा सके। कोच योगेंद्र ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी केवल रुपया उगाही में लगे हुए हैं और उन्होंने स्टेडियम में सीढ़ी के पास बनी लेडीज टॉयलेट भी तोड़ दी है, जिससे यहां प्रैक्टिस के लिए आने वाली बालिकाओं को भी टॉयलेट के लिए भटकना पड़ता है। निगम द्वारा टॉयलेट तोड़कर दुकान निकाल दी गई है, जिसका कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने बताया कि आर्मी की भर्ती में 40 दिन शेष रह गए हैं और युवा अपनी प्रैक्टिस नहीं कर पा रहे हैं, इसके चलते वह सोमवार की सुबह स्टेडियम में भरे जेल के अंदर बैठ कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल 19 दिन भी जारी

-मामला ब्रॉडगेज निर्माण के कार्य में,अस्पताल के सामने आवागमन के लिए मार्ग का



**कैलारस।** नगर में ब्रॉडगेज निर्माण के कार्य में अस्पताल जाने के लिए अंडर ब्रिज बनाने की मांग पर गत 19 दिनों से भूख हड़ताल जारी है। आज रात को भूख हड़ताल पर सलमान ख़ान, हसन खां, नरेश जाटव, समीर खान प्रमुख रूप से रहे। बस्ती के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा उन्हें बिठाया गया है। इससे पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, स्थानीय विधायक आदि समस्त नेता गणों को और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन/आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई है। भीषण बरसात में भी नागरिक गण प्रतिदिन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। नागरिकों की ओर से मांग है कि तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही नागरिकों ने आगामी दिनों में सत्याग्रह की योजना भी बनाई है। जिस पर अमल की तैयारियां शुरू कर दी गई है। आगामी दिनों में वरिष्ठ नेता गणों को आमंत्रित किया जाएगा और सत्याग्रह किया जाएगा।

# महिला मोर्चा की नवनियुक्त अध्यक्ष रीता एवं कृष्णमोहिनी का किया सम्मान

**अंबाह।** महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती रीना डंडोतिया ने अंबाह मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रीता मिश्रा को नियुक्त किया है। इसी तरह कृष्ण मोहिनी परमार को जीगनी मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। दोनों के अध्यक्ष बनने पर महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती कंचन चौहान के निवास पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मौजूद महिला कार्यकर्ताओं ने दोनों अध्यक्षों को बधाई दी। महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष बनने की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीमती रीता मिश्रा को बधाइयां दी गई। इस मौके पर श्रीमती



कंचन चौहान ने बधाई देकर कहा कि श्रीमती रीता मिश्रा एवं कृष्ण मोहिनी परमार के नेतृत्व में महिला मोर्चा मजबूती से भाजपा पार्टी की रीति और नीति को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्रीमती चौहान ने भाजपा नेतृत्व को श्रीमती रीता मिश्रा एवं कृष्ण मोहिनी परमार के नाम पर मुहर लगाने पर भी धन्यवाद जताया। वहीं श्रीमती रीता मिश्रा ने पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद जताते हुए कहा कि वे अपनी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पार्टी के लिए काम करेंगी और भाजपा सरकार की जनहित योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में मदद करेगी।

## पोरसा में राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष में मनाया सद्भावना दिवस

**मुरैना।** ग्राम हमीरपुरा जगतपुरा में नेहरू युवा केंद्र की तरफ से भूमि युवा मंडल के द्वारा सद्भावना दिवस के उपलक्ष पर युवाओं ने शपथ कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पंचायत की सरपंच सुनीता माधव सिंह तोमर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिथि शिक्षक प्रताप कुमार शाक्य व ग्राम रोजगार सहायक रजनी जगदीश सिंह शामिल हुए।



भूमि युवा मंडल अध्यक्ष अंजली तोमर ने युवाओं को शपथ दिलवाई कि वह जाति संप्रदाय क्षेत्र धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करेंगे। वह हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाएंगे। कार्यक्रम में ऑडिटर पुरुषोत्तम गुर्जर व प्रिया तोमर तथा ग्रामवासी जसवंत सिंह तोमर, अर्जुन सिंह, अनिरुद्ध सिंह, शिवराज सिंह, विनोद आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**कैलारस।** थाना पुलिस ने 1 वर्ष पूर्व हुए अंधे कत्ल के मामले का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




ज्ञात रहे कि 17 एवं 18 अप्रैल 2021 की दरमियानी रात ग्राम शेखपुर के हार मे ट्यूबवेज की तिवरिया के पास खाट पर सोते समय अज्ञात आरोपियों के द्वारा मृतक राजू उर्फ राजकिशोर त्यागी को चोटे पहुंचाकर निर्मम हत्या की गई, जिस पर थाना कैलारस पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 302 का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना साक्ष्य के आधार पर संदेही आरोपी से हिकमत अमली से पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा जमीनी रंजिश पर से अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना बताया। उल्लेखनीय है कि थाना प्रभारी श्री कुशवाह द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और अंधे कत्ल की गुत्थी को समझाने में सूझबूझ का परिचय दिया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक वेदेन्द्र सिंह कुशवाह, उनि अमर सिंह राजावत, उनि वीर सिह, प्रआर श्यामवीर सिंह, आरक्षक वीरपाल सिंह, शिवकुमार जाट, सुरेन्द्र सिह, अरमान शाह, रोहित, दीपेन्द्र सिंह, विष्णु शर्मा, महेन्द्र शर्मा, सूरज सेमिल, धर्मेन्द्र सिह का सराहनीय योगदान रहा है।

# डॉ आर ईश्वरन द्वारा लिखित मेरे पहले पेटेंट का जन्म किताब का विमोचन हुआ

**अंबाह।** डॉक्टर आर ईश्वरन व्दारा लिखी गई पुस्तक मेरे पहले पेटेंट का जन्म का विमोचन करन इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। ज्ञात रहे कि लेखक हेलिकॉप्टर के लिए एक उपकरण के आविष्कारक भी हैं। उनके पास भारतीय पेटेंट कार्यालय से एक अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट आवेदन और एक पेटेंट अनुदान प्रमाणपत्र है।

विमोचन समारोह में लेखक ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। यह पुस्तक अपने सभी पाठकों को अपने भीतर क्षमता की खोज करने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करती है। यह तकनीकी, समाजशास्त्रीय और दार्शनिक अंतर्दृष्टि का अच्छा मिश्रण है। यह पुस्तक निश्चित रूप से युवाओं, अभिभावकों और शिक्षाविदों के लिए आंखें खोलने वाली है।

केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य संजय मलिक ने कहा कि आर ईश्वरन का जन्म 12 फरवरी 1968 को चेन्नई में हुआ था, जहां वे पले-बढ़े। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय तांबरम चेन्नई में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। उन्होंने मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज तांबरम से इतिहास में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। उन्हें साधारण प्रोजेक्ट करने, साधारण इलेक्ट्रॉनिक सर्किट को असेंबल करने,




एविएशन और प्रकृति का अवलोकन करने का शौक है। उन्हें संगीत सुनने का भी शौक है। उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर में अपना एनसीसी थर्ड ऑफिसर ट्रेनिंग (एयर विंग) प्राप्त किया। उन्होंने कई सीबीएसई स्कूलों में शिक्षक और प्रिंसिपल दोनों के रूप में काम किया है। यह पुस्तक फ्लिपकार्ट एवं अमेजॉन पर उपलब्ध है इस अवसर पर पुस्तक के बारे में करन इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य कपिल तोमर ने भी प्रकाश डाला।

# जब टुट चुका था उमरी गांव से संपर्क तब बाढ़ जैसे हालात में काम आई बिंझलगांव से लाड़सा को जोड़ने वाली कच्ची सड़क

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट ।** सड़के जहां ग्रामीण विकास एवं संपर्क का माध्यम होती है, वहीं दूसरी ओर आवागमन एवं परिवहन का भी सशक्त माध्यम होती है। देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। लेकिन आजादी के बाद भी अनेक ग्रामों के मार्गों की दशा ऐसी है कि समीप के ही गांव या अपने पंचायत क्षेत्र के वार्ड में जाने के लिए कई किलोमीटर के चक्कर लगा कर जाना पड़ता है। चुनाव के समय नेता बड़े - बड़े वादे कर ग्रामीणों की समस्याओं को भूल जाते हैं, क्षेत्र में आज भी ऐसी दर्जनों ग्राम पंचायतें हैं। जहां मुख्य मार्ग का या दूसरे टोले मंजरों में जाने के लिए या तो दलदल कीचड़ से गुजरना पड़ता है अन्यथा फेरी लगाकर उस गांव तक अपने कार्यों के लिए पहुंचते हैं। वर्षा काल के चार माह तो इन ग्रामीणों के लिए परेशानियों से भरे होते हैं। खास करके यदि कोई ग्रामीण अचानक बीमार पड़ जाए या गर्भवती महिलाओं को दवाखाना पहुंचाना हो, यदि बाढ़ बारिश की स्थिति हो तो परेशानी व समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है।





**15 अगस्त के दिन गर्भवती महिला के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना पड़ाः** बिते दिन 15 अगस्त को बालाघाट जिले की लांजी तहसील के 15 गांवों में आई बाढ़ में सिंगोला की एक गर्भवती महिला को रेस्क्यू कर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया था। इतना ही नहीं पक्के मार्गों के अभाव में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है।?

**जब प्रशासन के लिए उमरी पंहुचना हुआ था मुस्किलः** यह भी बता दें कि जिन पिछड़े वनांचल एवं सोन नदी के आसपास पड़ने वाले गांवों के बीच पक्की सड़क एवं पुल पुलिया का निर्माण हुआ है। वहां आवागमन की सुविधाओं के साथ ग्रामीणों का जीवन का भी विकास हुआ है तथा शासकीय योजनाओं का लाभ वहां के किसानों एवं ग्रामीणों को सुगमता से मिल रहा है। इन सब दृष्टिकोण से शासन प्रशासन द्वारा कार्य योजना बनाकर पुनः ग्राम सड़क संपर्क अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि यहां का भी विकास हो सके। लेकिन जब बाढ़ जैसे हालात से निपटने की बात आई तो बाढ़ प्रभावित ग्रामों में पंहुचना बमुश्किल हो गया था। सिंगोला से गर्भवती महिला को सकुशल अस्पताल पहुंचाने के पश्चात प्रशासन के पास उमरी गांव पंहुचने की बढ़ी चुनौती आ पड़ी। जिसे पार पाना मुश्किल हो गया था। ऐसे में पत्रकार रितेश कटरे ने प्रशासन के साथ बिंझलगांव से लाड़सा पंहुचने वाले कच्चे मार्ग पर चलने का सुझाव दिया और उसी मार्ग से लांजी थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान के साथ-साथ लांजी एसडीओपी दुर्गेश आर्मो, लांजी एसडीएम ज्योति ठाकुर, लांजी तहसीलदार सतीश चौधरी नगर पालिका के कर्मचारी, एवं रेस्क्यू ऑपरेशन की टीम लाडसा से उमरी पंहुचकर शंकरटोला में फंसे लगभग 130 लोगों को सुरक्षित निकाला।

**उच्च अधिकारियों ने शंकरटोला जाकर किया सभी का रेस्क्यूः** उमरी के शंकरटोला में फंसे लगभग 130 लोगों का हालचाल जानने के लिए लांजी एसडीओपी दुर्गेश आर्मो लांजी थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान तहसीलदार सतीश चौधरी एवं रेस्क्यू टीम लगभग 4 बजे शंकर टोला पंहुच कर वहां निवासरत लोगों को सुरक्षित निकाला। लगभग 5 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन में सभी लोगों को सुरक्षित निकालने के पश्चात अधिकारी वहां से वापस लौटे।

**इन मार्गों का बनना बहुत ही जरूरीः** बता दें कि इतने वर्षों बाद भी लांजी मुख्यालय में लगने वाले बाजार चौक के दखनीटोला बालाघाट मार्ग को जोड़ने वाला मार्ग का निर्माण नहीं हो पाया है। इसी तरह घोटी घुसमारा से दिघोरी पंहुच मार्ग, दखनी टोला से दुल्लापुर तक देवी चौक, छोटी कुम्हारी से झिंगूटोला, सावरी खुर्द से आसोलीटोला, परसोड़ी से बापड़ी, देवलगांव से दहेगांव, सहेकी से कटंगी, सहेकी से पालडोंगरी, साडरा बाजार चौक से दहेगांव, उमरी से बोरी मार्ग, करेजा से बड़गांव म, बिंझलगांव से लाड़सा, बिंझलगांव से उमरी, रमपुरा से पाथरगांव, कुम्हारी खुर्द से केरेगांव, भिमोडी से कोचेवाही, इस तरह दर्जन भर से ज्यादा पंचायत क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कें आजादी के 75 वर्ष बाद भी नहीं बन पाई है। यदि समय रहते इन मार्गों का निर्माण नहीं किया गया तो जनप्रतिनिधियों को विरोध का सामना भी करना पड़ सकता है।

# पुलिस थाना पिछोर की टीम ने दो बदमाश दबोच कर भेजे जेल

**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर ।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया व एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में चलाए जा रहे गुंडा विरोधी अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना पिछोर की टीम ने ग्राम खुरई से अपने पिता विक्रम बाड़ई की मारपीट करने वाले पुत्र धर्मेंद्र बाड़ई शराब गांजा पीने का आदी है और उसने अपने पिता की पुश्तैनी जमीन बेच दी है किसी बात पर पिता पुत्र में आए दिन झगड़ा होता है झगड़ा की सूचना पर धर्मेंद्र बाड़ई को तत्काल पिछोर पुलिस ने गिरफ्तार किया वह है अपने पिता के साथ गंभीर घटना घटित कर सकता था ग्राम भितर्गवाह से सुरेंद्र जाटव ने







शराब पीकर अपने पड़ोसी प्रमोद जाटव की मारपीट कर चोटें पहुंचाई रिपोर्ट पर पिछोर पुलिस ने सुरेंद्र जाटव ग्राम भितर्गव से तत्काल गिरफ्तार किया दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 151 जाब्ता फौजदारी में कार्रवाई कर एसडीएम कोर्ट पेश किया वहां से दोनों बदमाशों को उप जेल पिछोर भेजा गया पुलिस थाना पिछोर की टीम में एसआई शैलेंद्र सिंह चौहान प्रधान आरक्षक अरविंद यादव हीरा सिंह पाल आरक्षक जितेंद्र गुर्जर व खंडेराव धाकड़ शामिल रहे

# शास एकीकृत शाला रिसेवाड़ा में सीआरपीएफ 123 बहेला ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट**

समुचा हिंदुस्तान आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हर घर की छत पर आन बान और शान से भारतीय ध्वज तिरंगा लहरा रहा है। 15 अगस्त के दिन जिले की विकासखण्ड लांजी अंतर्गत शास एकीकृत शाला रिसेवाड़ा में धुम धाम के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वतंत्रता सेनानीयों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तदोपरांत सेवानिवृत्त प्रधानपाठक टी डी पटले सर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान संस्था के शिक्षक वाय के फुलमारे, पी के मेश्राम, आर के रहांगडाले, सुश्री शकुन्तला ठाकुर, श्रीमती लता गनी, आर के जाम्भुरकर, एस मिर्चे, टी आर यादव एवं स्कूल के बच्चे गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



**सीआरपीएफ बटालियन 123 ने बच्चों को वितरित किए ध्वजः** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बहेला में स्थित सीआरपीएफ कैंप बटालियन 123 के कमांडेंट सुधिर कुमार, डी बी कुंभार, एवं सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा स्कूल बच्चों को ध्वज वितरित किए तथा छात्रों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# लगातार बारिश जारी अभी भी जिला शिवपुरी तहसील रन्नौद अभी देखा गया है पानी की

**हरिओम परिहार**

**रन्नौद।** बरसा ज्यादा होने के कारण कई जगह नदी नाले उफान पर और इसी तरह एक और वीडियो सामने आया है रन्नोद पेट्रोल पंप के पास बड़ी तेजी से उफान पर एक नदी बह रही थीं जहां व्यक्ति अपनी जान जोखिम में डालकर इधर उधर निकल रहे थे अपनी जान की परवाह ना करते हुए नदी उफान पर तेज बहाव और कई लोगों की मुश्किल से बची जान है उसी नदी पर एक बाइक सवार बह रहा था उसी वक्त एक बाइक चली गई और दूर दूसरी ओर से निकलने वाला एक व्यक्ति भी बह गया जिसकी जान सुरक्षित है और जो गाड़ी चली गई उसका लापता है इसी बीच थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह सेंगर जी द्वारा जी को अवगत कराया तुरंत फोर्स पहुंचा कर व्यक्तियों को रुकवाया



# पुरानी पेंशन बहाल करवाने हेतु जिले के सभी विधायकों के घर घर जाकर ज्ञापन सौंपेंगे कर्मचारी

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह तिवारी के प्रदेश व्यापी आह्वान पर पुरानी पेंशन के लिए ज्ञापन दिए जा रहे हैं इसी क्रम में शिवपुरी जिले में भी ज्ञापन दिए जाएंगे संघ के जनक सिंह रावत, राजेश सोनी द्वारा बताया गया कि आज शहीद तात्या टोपे पार्क में संगठन की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई इसमें जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत द्वारा कहा गया कि विधानसभा के बजट सत्र में पुरानी पेंशन बहाली हेतु जो संकल्प पारित करवाने हेतु विधानसभा पटल पर लाया गया था, उसमें कोई चर्चा नहीं होने पर संकल्प न पारित हो सका, न ही गिराया गया जबकि दो सैंकड़ा से ऊपर माननीय विधायकों ने भी मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर पेंशन बहाली का अनुरोध किया था,लेकिन विधानसभा स्थगित हो गई, प्रदेश के एनपीएस अधिकारी,कर्मचारियों की एक ही मांग हैं, पुरानी पेंशन जिसके लिए पुनः जिले के सभी विधायकों को 28 अगस्त से 31 अगस्त तक न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ के बैनर तले ज्ञापन दिए जाएंगे सभी विधायकों को पुनः स्मरण कराने हेतु ज्ञापन सौप कर अनुरोध किया जाएगा, कि छत्तीसगढ़, राजस्थान को तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाए मध्यप्रदेश में 2005 से बंद है, उसे पुनः बहाल कर प्रदेश के लगभग 6 लाख शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों एवं उनके परिवार को पुरानी पेंशन का लाभ मिल सके बैठक में जनक सिंह रावत वीरेन्द्र सिंह रावत महावीर मुद्गल राजेश सोनी देवेंद्र शर्मा बालूराम रावत सुरेंद्र गोस्वामी श्रीमती बसंती शर्मा श्रीमती रेखा शर्मा श्रीमती मेघा गुप्ता श्रीमती संगीता भार्गव श्रीमती रेनू शर्मा सुरेश सिंह रावत प्रदीप कुमार नरवरिया मुकेश रावत दीपक मांझी पीतम शाक्य सुल्तान सिंह संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे




# बिलाडा में युवाओं ने किया 408 यूनिट रक्तदान

**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर**=बिलाड़ा आज नगर में संपन्न हुए विशाल रक्तदान शिविर में युवाओं महिलाओं ने भारी संख्या में भाग लिया, नगर में लगातार चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं की टीम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा समिति बिलाडा के द्वारा सीरवी समाज बगेची परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में सुबह दस बजे से ही नगर के रक्तदाताओ का हजूम उमड़ पड़ा, ब्लड बैंक की तीन इकाईया उम्मेद, एम् डी एम्, पारस ब्लड बैंक द्वारा क्रमशः 125, 141, 142 यूनिट रक्त संग्रहण किया, जिनमे 14 महिलाओं और 394 पुरुषो ने रक्तदान किया, रक्त्वीरो के सम्मान हेतु क्षेत्र के भामाशाह हापुराम चौधरी उदलियावास, बिलाड़ा ने बीस लीटर के पानी केम्पर और आयोजन की व्यवस्था में भूमिका निभाई, प्रत्येक रक्तदाता के स्वास्थ्य हेतु आयोजको द्वारा फलो के रस की व्यवस्था रही, एवं इस दौरान सौजत क्षेत्र के प्रसिद्द स्वयंसेवी संस्थान युक्तिका फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को आवश्यकतानुसार पोधो का वितरण किया, रक्तदान शिविर के समापन पर कुल 408 रक्त दाताओं के रक्त दान की पुष्टि समिति ने की, शिविर के दौरान सीरवी समाज जोधपुर की तरफ से ओमप्रकाश पंवार, पहल संस्थान/फाउंडेशन के गोविन्द पंवार, जय श्री कृष्णा मानव हितार्थ संस्थान के अरुण सोनी, नयी सोच मुहीम के नितेश जैन, ठेकेदार संघ के अणदाराम पंवार, क्षेत्र के चिकित्सक सहित सभी समुदायों एवं संस्थानों ने व्यवस्थार्थ हिस्सा लिया, इस दौरान पार्षद, पूर्व पार्षद, नगर के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति रही द्य संस्थान की तरफ से शिविर प्रभारी रविन्द्र बर्फा ने बताया की काफी समय से नगर में कोरोना काल के चलते रक्तदान शिविर नहीं लग पा रहे थे, क्षेत्र में चिकित्सकीय आवश्यकता अनुसार रक्त आपूर्ति में कठिनाई के चलते शिविर का आयोजन किया गया, क्षेत्र के युवाओं ने भारी तादाद में हिस्सा लिया, एवं सीरवी समाज की प्रत्येक इकाई ने व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया, जिसकी वजह से वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर रिकॉर्ड आंकड़ो के साथ संपन्न हुआ द्य इस दौरान समिति के पुखराज सीरवी, गजेन्द्र राठौड़, जितेन्द्र सिंह राठौड़, राजेन्द्र राठौड़, प्रेम काग, रविन्द्र बर्फा, वीरेन्द्र राठौड़, किशोर गहलोत, जीवन सिंह, प्रकाश परिहार, गोविन्द पंवार, किशनाराम , धन्नाराम, भूपेंद्र गारिया, घनश्याम, दिनेश, तारु सिंह, संजय पंवार, संजय वकील , उत्तम, गोपाल, माधव, भवानी सिंह, रोहिताश्व, दलपत, राकेश, गोपाल के साथ युनुश पठान, अनंदाराम, लादूराम, ललित चौधरी, यादव सिंह, कल्याण सिंह बींजाराम सहित क्षेत्र के गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, सभी उपस्थित व्यवस्थार्थ सदस्यों का एवं रक्तदाताओ का भामाशाह हापुराम चौधरी उदलियावास, बिलाड़ा ने स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया द्यद्य




# शिवपुरी पुलिस द्वारा समस्त थाना स्तरों पर शांति समिती की बैठक ली गई, आमजन को सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर आपत्ती जनक पोस्ट नहीं करने एवं शेयर, लाईक व कमेन्ट नहीं करने के लिये समझाइस दी

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जिला शिवपुरी मे आज दिनांक 21.08.2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरीया व समस्त एसडीओपी साहबान के निर्देशन मे समस्त थानों पर शांति समिति की बैठक ली जा रही है । आज के दौर मे सोशल मीडिया लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है, जिसके कई फायदे हैं तो साथ मे नुकशान भी हैं, इसी क्रम मे कुछ लोग आपत्तीजनक पोस्ट करके सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करते हैं । शिवपुरी पुलिस द्वारा सामाजिक सौहार्द भाईचारा बनाये रखने हेतु सभी थानों मे शांति समिति एवं लोगों को बुलाकर बैठक ली एवं शोसल मीडिया के माध्यम से आपत्तीजनक पोस्ट करने बालों की सूचना पुलिस को देने के लिये बताया एवं लोगों को समझाइस दी कि यदि आप किसी प्रकार की आपत्तीजनक पोस्ट देखें तो उसे लाईक, शेयर न करें और एसे व्यक्ति की सूचना पुलिस को दें जिससे उस व्यक्ति पर कार्यवाही की जा सके । शिवपुरी पुलिस द्वारा लोगों को सोशल मीडिया का इस्तेमाल सही कामों के लिये करने की समझाइस दी व किसी भी माध्यम से किसी के धर्म, सम्प्रदाय, जाति आदि के बारे टिप्पणी नहीं करने के लिये लोगों को जागरुक किया । शिवपुरी पुलिस द्वारा आमजन की समय-समय पर बैठक बुलाकर सामाजिक सौहार्द बनाये रखने हेतु समझाइस दी जाती है व लोगों से अपील की जाती है कि किसी के द्वारा सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से किसी के प्रति आपत्तीजनक पोस्ट की जाती है तो पुलिस द्वारा एसे लोगों के बिरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी । शिवपुरी पुलिस द्वारा आज समस्त थाना स्तरों पर शांति समिती की बैठक बुलाकर लोगों से अपने आसपास शांतिपूर्ण बातावरण बनाये रखने की अपील की है ।



## कुएं में उतराते मिला नवजात शिशु का शव

**जबलपुर।** पनागर थाना क्षेत्र में जन्माष्टमी की पूजन का हवन विसर्जित करने पहुंची महिला को कुएं में नवजात शिशु का शव उतराते मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाते हुए पंचनामा कार्रवाई कर पीएम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामले की



जांच शुरू कर दी है। पनागर पुलिस ने बताया कि शनिवार को कुशनेर निवासी चंदा बाई पटेल सुबह करीब नौ बजे संजय पटेल के कुएं में जन्माष्टमी का हवन विसर्जन करने गई थी। कुएं के अंदर देखा तो शिशु का शव पड़ा था। घटना की सूचना मिलने पर गांव के सरपंच सहित ग्रामीणों की भीड़ लग गई थी। कुएं में नवजात शिशु के शव को कौन फेंककर गया है, इसका पता लगाया जा रहा है।

## वैष्णो देवी दर्शन करने गया परिवार चोरों ने किए नकदी जेवर पार

**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में दुर्गा मंदिर के सामने एलआइसी कालोनी निवासी रमाकांत नेमा अपने परिवार के साथ विगत 12 अगस्त को घर में ताला लगाकर वैष्णो देवी दर्शन करने गया था। इसके बाद शनिवार को सुबह वापस आने पर घर में लगा ताला टूटा मिला। अंदर सामान चैक किया तो घर में रखे सोने-चांदी के जेवर एवं अलमारियों में रखे करीब पचास हजार रुपये नकद गायब थे।

## भारी मात्रा में सिगरेट ले गए चोर

**जबलपुर।** इधर, गोहलपुर थाना क्षेत्र में बड़ा कुआ नई बस्ती निवासी इस्तिखार अली की अमखेरा रोड सरदार के बाड़े में एमजेड पान मसाला नाम से बेकरी की दुकान है। उसी से उसका गोडाउन भी लगा हुआ है। विगत 18 अगस्त की रात चोरों ने गोडाउन की रोशनदान की जाली तोड़कर दुकान व गोडाउन में रखे तीन जार तेल प्रत्येक जार 15 किलो, कई बंडल विभिन्न कंपनियों की सिगरेट, पान मसाला व अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं।

## नवविवाहिता से दूध डेयरी के लिए 50 लाख मांगे, ससुराल वालों पर केस दर्ज

**इंदौर।** इंदौर में एक नवविवाहिता ने अपने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करवाया है। उसका आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद ही आरोपित दूध डेयरी खोलने के लिए 50 लाख रुपये मांग रहे थे। रुपयों की व्यवस्था न कर पाने पर उसे मायके भेज दिया। महिला ने घर बसाने की कोशिश की लेकिन अंततः पुलिस के पास जाना पड़ गया। सुखलिया निवासी 30 वर्षीय हेमलता बागोरा की शादी 8 नवंबर 2019 को सिक्कानगर (मेन) नवी मुंबई निवासी राम उर्फ रवि बागोरा से हुई थी। हेमलता ने पुलिस को बताया कि शादी में स्वजन, रिश्तेदारों ने सोना-चांदी के आभूषण, नकदी, गृहस्थी का सामान और अन्य चीजें दी थीं। लेकिन एक महीने बाद ही उसके पति रवि, सास प्रेमा बाई, ससुर नंदकिशोर, ननद मंजूला व्यास, भावना पालीवाल ने परेशान करना शुरू कर दिया। उससे कहा कि मायके से काफी कम दहेज लेकर आई है। आरोपितों ने दूध डेयरी खोलने के लिए हेमलता से 50 लाख रुपये की मांग की। उसका फोन भी अपने पास ही रख लेते थे ताकि वह किसी से बात न कर सके। रवि तो शराब पीकर मारपीट करता था।इसी साल मई में हेमलता मायके आ गई। आरोपितों ने यह कहते हुए ले जाने से मना कर दिया कि वह जब तक रुपयों की व्यवस्था नहीं कर लेती, उसे घर नहीं ले जा सकते।

## इंदौर में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर झोपड़ी में घुसी, महिला गंभीर



**इंदौर।** इंदौर में शनिवार देर रात तेज रफ्तार कर देर रात झोपड़ी में जा घुसी। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे में झोपड़ी में रहने वाले को भी चोट आई है। तिलक नगर थाना पुलिस के मुताबिक हादसा देर रात पीपल्याहाना गांव की ओर जाने वाले गेट पर दरगाह के पास हुआ। 40 वर्षीय पल्लवी शर्मा निवासी मौर्या पैलेस न्यू अखंड कालोनी की कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर एक झोपड़ी में जा घुसी। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए भंवरकुआं स्थित आरके हास्पिटल ले जाया गया जहां से सीएचएल अपोलो में शिफ्ट किया गया। फिलहाल महिला के बयान नहीं हुए हैं। बताया जाता है कि महिला नौकरी पेशा है। उसे आंख में भी चोट आई है। कार तेज रफ्तार में थी। दुर्घटना में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में विजय नामक बुजुर्ग के भी घायल होने की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# सफाईकर्मियों को छुट्टी देकर शहरवासियों ने उठाई झाड़ू

**इंदौर।** स्वच्छता में इंदौर रहेगा नंबर वन... इस बात को अमलीजामा पहनाने के लिए सफ़ाईकर्मी ही नहीं, बल्कि शहर का हर नागरिक हमेशा जुटा रहता है। ऐसा ही नजारा रविवार सुबह शहर में देखने को मिला। वाल्मीकि समाज के आराध्य गोगा देव के प्रकट उत्सव गोगा नवमी पर रविवार को इंदौर नगर निगम के साढ़े सात हजार सफाईकर्मी छुट्टी पर थे। इसके चलते इंदौर को साफ करने पूरे शहर में नागरिक और जनप्रतिनिधि झाड़ू लेकर सड़क पर उतर गए। कुछ ही घंटों में पूरा शहर चकाचक हो गया। सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मंत्री तुलसी सिलावट और विधायक आकाश विजयवर्गीय ने राजवाड़ा क्षेत्र में सफाई कर इस अभियान की शुरुआत की। इसके बाद शहर के अलग-अलग हिस्सों में रहवासियों और जनप्रतिनिधयों ने सफाई अभियान चलाया। पाटनीपुरा क्षेत्र में विधायक रमेश मेंदोला और नगर निगम के सभापति मुन्नालाल यादव ने भी सफाई में सहभागिता निभाई। शहर के हर वार्ड में पार्षदों ने भी सफाई की।

सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक आकाश विजयवर्गीय और नगर निगम के अधिकारी राजवाड़ा पहुंचे। वहां सभी ने मिलकर झाड़ू लगाई और कचरा उठाया। क्षेत्र की गलियों में भी सफाई की गई। इंदौर के पाटनीपुरा क्षेत्र में भी रहवासी सड़कों पर उतरे और झाड़ू थामकर सफाई की। लोग स्वेच्छा से आगे आकर सफाई कर रहे हैं। उनका कहना है कि सफाई मित्र साल में सिर्फ एक दिन अवकाश पर रहते हैं। इसलिए यह हमारा दायित्व है कि हम शहर को साफ रखें।





### कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर उतरीं पार्षद

शहर के वार्ड 48 स्थित बड़ी ग्वालटोली चौराहे से स्थानीय पार्षद विजयलक्ष्मी गोहर और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई की शुरुआत की। इस दौरान पूर्व पार्षद परसराम वर्मा भी मौजूद थे।

### 56 दुकान के आसपास व्यापारी संघ कर रहा सफाई

सफाई कार्य में बैंक के अधिकारी कर्मचारी, व्यापारिक संगठन, शैक्षणिक संगठन व सामाजिक संगठन के सदस्य शामिल हैं। 56 दुकान के आसपास वहां के व्यापारी संघ द्वारा सफाई की जा रही है। मेघदूत चौराहे के पास बैंक कर्मचारी व एरोबिक्स क्लब के सदस्य सफाई करने उतरे हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में विधायकों के नेतृत्व में आम लोग सफाई कार्य कर रहे हैं।

### वाल्मीकि समाज के आराध्य हैं वीर गोगादेव

भाद्रपद माह में कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को वाल्मीकि समाज गोगा नवमी पर्व मनाता है। इस दिन गोगादेव का पूजन होता है। इन्हें सांपों का देवता माना जाता है। इन्हें गुरु गोरखनाथ का प्रमुख शिष्य बताया जाता है। इस अवसर पर शहर के विभिन्न वाल्मीकि क्षेत्रों से करीब वीर गोगादेव के छड़ी निशान लेकर 60 से अधिक चल समारोह निकलकर राजबाड़ा पहुंचते हैं। इसके बाद गोगादेव मंदिर पर पहुंचकर आरती पूजन किया जाता है।

### सफाई का पांचवां साल

इंदौर शहर में गोगा नवमी के अगले दिन सफाई मित्रों के अवकाश होने पर आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा सड़कों पर सफाई करने की परंपरा चार साल से चल रही है। इस वर्ष सफाई कार्य का यह पांचवा साल है। वर्तमान कलेक्टर मनीष सिंह चार साल पूर्व जब निगम आयुक्त के पद पर थे तब उन्होंने इस परंपरा को शुरू करवाया था।

### उद्यान विभाग के कर्मचारियों को सौंपी जिम्मेदारी

सफाईकर्मियों की छुट्टी के कारण नगर निगम के उद्यान विभाग के कर्मचारियों को सफाई की जिम्मेदारी सौंपी गई। बड़ी ग्वालटोली मेन रोड पर उद्यान विभाग की कर्मचारी रेखा, भारती, उषाबाई, सुधाबाई ने सफाई की। सुरेश कैथवास और चंपालाल मस्तूरिया ने बताया कि हमें सफाई की जिम्मेदारी सौंपी है।

### कामन वेल्थ देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कश्यप भी उतरे सड़क पर

कामन वेल्थ देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले दिल्ली निवासी अजय कश्यप ने भी रणजीत हनुमान मंदिर के आसपास सफाई की। राजवाड़ा के बाद महापौर इस क्षेत्र में भी पहुंचे और सफाई की। यहां के लोगों ने भी उनका साथ दिया। बंगाली चौराहे पर पार्षद प्रणव मंडल, महेश जोशी, संजू ठाकुर , भेरूलाल, निलेश ने सफ़ाई की।

### बांबे अस्पताल, द्रविड़ नगर, एलआइजी में भी रहवासियों ने की सफाई

इंदौर के बांबे अस्पताल, एलआइजी और द्रविड़ नगर क्षेत्र में रहवासियों ने की सफाई। वहीं द्रविड़ नगर मेन रोड पर पार्षद हरप्रीत कौर लूथरा के साथ रहवासी किशोर चौधरी, राम सोमानी, अशोक भुसानी सहित समाजवादी इंदिरा नगर, द्रविड़ नगर एवं बैंक कालोनी के निवासियों ने सफाई की। वहीं मेघदूत गार्डन के सामने सभापति मुन्नालाल यादव के साथ एरोबिक्स क्लब के सदस्य व अन्य लोगों ने सफाई की।

## जिला प्रशासन के रोक के बावजूद भैरव कुंड में ट्रैकिंग की तैयारी



**इंदौर।** भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने पिकनिक स्पाट व जलप्रपातों पर पर्यटकों के जाने पर रोक लगा रखी है। कलेक्टर मनीष सिंह ने 15 दिन के लिए इंदौर, महू, मानपुर, चोरल के इन स्थानों पर धारा 144 लगाई है। बावजूद इसके एडवेंचर्स कंपनी ट्रैकिंग की तैयारी में है। इंदौर से 30 किमी दूर नाहरझाबुआ क्षेत्र में आने वाले भैरव कुंड में 21 अगस्त को एक कंपनी ने टूर आयोजित किया है। इसके लिए वन विभाग से कोई अनुमति नहीं ली है। वन विभाग के अधिकारियों ने कंपनी को टूर रद करने को कहा है। आरंभ एडवेंचर्स एजेंसी इन दिनों भैरव कुंड में ट्रैकिंग को लेकर प्रचार करने में लगी है। लोगों से 21 अगस्त को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक ट्रैकिंग के लिए 499 रुपये वसूल रही है। जबकि एजेंसी के पास वन विभाग से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक जंगल में आने वाले पर्यटन स्थलों पर व्यावसायिक गतिविधियां नहीं हो सकती हैं। नियमानुसार घोषित पिकनिक स्पाट पर ट्रैकिंग हो सकती है। उसके लिए संस्था को मुख्यालय से लिखित में अनुमति लेनी पड़ती है। साथ ही मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियों के लिए संस्था को कुछ राशि भी जमा करवानी होती है। आरंभ एजेंसी के रजत राठौर ने कहा कि भैरव कुंड देवास जिले में आता है। वैसे भी ट्रैकिंग के लिए दिन में पर्यटकों को लेकर जा रहे हैं। प्रभारी इंदौर रेंजर रविकांत जैन का कहना है कि संस्था को ट्रैकिंग करने से मना कर दिया है। साथ ही स्टाफ को निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके ट्रैकिंग करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## ध्यान फाउंडेशन चैतरा गौशाला परिसर में कृष्ण जन्माष्मी का पर्व धूमधाम से मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसुर** –ध्यान फाउंडेशन चैत्तरा गौशाला मंडिया में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया गो पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ नन्हे मुन्ने बालक राधे कृष्ण की वेशभूषा में कार्यक्रम की



शोभा बढ़ा रहे थे राजस्थानी कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमते नजर आए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने अपने संबोधन में कहा गीता गोपी गाय भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़े हुए हैं गीता को अपने से दूर मत करो गोपियों को जलने मत दो और गायों को कटने मत दो गौशाला के प्रमुख राम व्यास , गोपाल माली, नंदिनी ,सहाना , एवं अन्य सदस्यों ने मुणोत को सम्मानित किया ।गौशाला से जुड़े हुए समर्पित कार्यकर्ताओं एवं दान वीरों का स्वागत किया गया धन्यवाद

## दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से आने वाले चीते बीमार पड़े तो दो अभयारण्यों में करेंगे क्वारंटाइन

**इंदौर।** मुरैना और श्योपुर जिले में विस्तारित कूनो नेशनल पार्क (राष्ट्रीय उद्यान) में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से चीते लाने को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। बीमार पड़ने पर इन चीतों को मंदसौर-नीमच की सीमा पर स्थित गांधी सागर अभयारण्य और सागर के नौरादेही अभयारण्य में क्वारंटाइन किया जाएगा। इन दोनों अभयारण्यों में चीतों के लिए विशेष बाड़े बनाए जाएंगे।

यह बात निजी प्रवास पर इंदौर आए वनमंत्री विजय शाह ने कही। उन्होंने बताया कि पहले चरण में आठ चीते लाए जाएंगे। भारत और अफ्रीकी देशों की सरकार के बीच अनुबंध हो चुका है। चीते दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से लाए जाएंगे। इसके पहले उनका टीकाकरण करवाया गया है, क्योंकि अफ्रीका और भारत के वातावरण में काफी अंतर है। सेहत को ध्यान में रखते हुए वेटरनरी डाक्टरों से भी सलाह ली जा रही है। वनमंत्री विजय शाह का कहना है कि बीमारी की आशंका को देखते हुए प्रदेश सरकार ने गांधी सागर अभयारण्य को पहले ही चीतों के लिए आरक्षित कर रखा है। अब नौरादेही में भी चीतों को क्वारंटाइन किया जाएगा। कूनो की तरह दोनों जगह बाड़े बनाए जा रहे हैं। एक बार का खर्च 50 लाख रुपये - चीतों को कार्गो और विशेष विमान से लाया जाएगा। यह काम उड्डयन मंत्रालय से होना है। चीतों को दो से तीन बार में लाने की रूपरेखा बनी है। विमान से लाने को लेकर काफी खर्च आ रहा है। इस वजह से प्रदेश सरकार एक बार में सभी चीतों को लाने की योजना बना रही है। वन विभाग अभी तय नहीं कर पाया है कि चीतों को एक साथ दक्षिण अफ्रीका से लाया जाए या नामीबिया से। सरकारों के बीच मंथन चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक एक बार में हवाई मार्ग से लाने का खर्च करीब 50 लाख रुपये आ रहा है। तारीख केंद्र सरकार तय करेगी - वनमंत्री विजय शाह ने कहा कि चीतों को लाने की तारीख केंद्र सरकार से तय होगी। दो अभयारण्यों को रिजर्व में रखा गया है। भविष्य में चीतों की संख्या बढ़ने या बीमार होने की स्थिति में इन्हें अन्य अभयारण्य में रखा जाएगा। अभी आठ चीतों को लाने का अनुबंध हुआ है।




# सर्व समाज को साथ लेकर चलना ही क्षत्रिय धर्म है : भदौरिया






**संतोष सिंह भदौरिया**

**गोरमी** /आपको बता दें की आज क्षत्रिय समाज द्वारा के पी सिंह भदोरिया (जिला पंचायत अध्यक्ष ससुर व पूर्व कॉरपोरेटिव बैंक अध्यक्ष ) जी व उनके साथ आए हुए सभी अतिथियों का गोरमी धीर सिंह कॉलेज मे सम्मान किया गया द्य जिसमें सभी आसपास के गांव की क्षत्रिय एकत्रित हुए द्य सभी क्षत्रिय समाज के द्वारा अलग-अलग विचार रखे गए सभी ने अपनी अपनी समस्या बताई द्य केपी सिंह भदोरिया जी द्वारा बताया गया .कि सर्व समाज के साथ लेकर चलना है क्षत्रिय धर्म होता है चाहे वह गरीब हो चाहे वह किसी वर्ग का हो मैं समाज के अंतिम छोर तक बैठे हुए व्यक्ति तक के लिए कार्य करूंगा क्योंकि क्षत्रिय का धर्म सर्व समाज की रक्षा करना वह उनका सहयोग करना ही क्षत्रिय धर्म है द्य और मैं वादा करता हूं मेरे कार्यकाल के दौरान किसी प्रकार की किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या नहीं होने दूंगा अगर ऐसा लगता है तो आप मुझे रोक सकते हो द्य मैं और नेताओं की तरह नहीं हूं जो चुनाव जीतने के बाद जन समस्याओं को भूल जाऊं द्य और आप लोग तो मेरे भाई हैं संगठन ही शक्ति है शक्ति संगठन होती है और शिक्षा पर जोर देते हुए कहा की समाज जागरूक करना है तो शिक्षा पर विशेष ध्यान दीजिए अपने बालक और बालिकाओं को शिक्षा में किसी भी प्रकार से पिछड़ने मत देना समाज में जो भी समाज मे कुर्तियां फैली हुई हैं उन्हें त्यागने की कोशिश करें जैसे दहेज़ प्रथा,शराब प्रथा समाज में अनेकों प्रकार की कुर्तियां है उन्हें त्याग दें व जागरूक हो मुख्य अतिथि के रूप में केपी सिंह भदोरिया जी उपस्थित रहे व मंच का संचालन बिहारी राजावत ने किया साथ ही अतिथि के रूप में ज्ञान सिंह भदौरिया, सुरेश सिंह भदौरिया, अमर सिंह शैलेंद्र सिंह शांकरी एडवोकेट, सतेंद्र सिंह भदोरिया उर्फ लवली, गोपाल सिंह भदोरिया, जगमोहन सिंह भदोरिया बालूपुरा, लाल सिंह भदौरिया बालूपुरा,रमन सिंह भदोरिया जनपद सदस्य, दशरथ सिंह कुशवाह शंकर सिंह कुशवाह गोकुल परमार दलवीर तोमर संतोष सिंह भदोरिया पत्रकार मुकेश भदोरिया पत्रकार सोनू सिंह भदोरिया कुटरौली राजेश सिंह भदोरिया मानहड आशीष भदोरिया शैलेंद्र भदोरिया संजू सिंह भदोरिया बालूपुरा सोनू भदोरिया गोरमी विष्णु परमार पर्रावन, बबलू भदौरिया सरपंच पचेरा एवं 5 सैकड़ा से ज्यादा क्षत्रीय उपस्थित रहे।

## पन्ना में मंदिर से लौटते समय गरीब पल्लेदार को रास्ते में मिला 2.83 कैरेट का बेशकीमती हीरा



**पन्ना।** बेशकीमती हीरों से भरी पन्ना की धरती कब किसकी किस्मत चमका दे, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। ऐसा ही मामला एक बार फिर देखने को मिला, जब पल्लेदारी कर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले एक गरीब मजदूर को रक्षाबंधन के दिन मंदिर से लौटते समय जमीन पर पड़ा हुआ बेशकीमती हीरा मिल गया।

पहले तो वह हीरे को कांच का टुकड़ा समझकर अपने घर ले आया और घर में रखकर ससुराल चला गया। जब लौटकर आया तो उसने वह हीरा अपने आसपास रहने वाले लोगों को दिखाया। इसके बाद पता चला कि यह तो बेशकीमती हीरा है। यह सुनते ही मजदूर की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तत्काल ही मजदूर ने हीरा कार्यालय में जाकर उसे जमा किया। हीरे का वजन 2.83 कैरेट है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। मजदूर नंदी लाल रजक का कहना है कि उस पर माता रानी की कृपा हुई है। वह पल्लेदारी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है, उसके दो बच्चे हैं। अब वह हीरे की नीलामी से मिलने वाले पैसों से अपना घर बनवाएगा और कोई नया व्यवसाय शुरू करेगा।

### इसके पूर्व भी कई लोगों को मिल चुका है हीरा

पन्ना की रतनगर्भा धरती में अक्सर लोगों को हीरा जमीन में पड़ा मिल जाता है, हाल ही के कुछ ऐसे उदाहरण भी हैं। अभी हाल ही में एक महिला को जंगल में लकड़ी लेने गई थी और रास्ते में बेशकीमती हीरा मिल गया। इसके पहले भी कई लोगों को पन्ना की धरती पर हीरा मिल चुका है, जिससे उनका भाग्य भी बदल गया।

# बीज की शुद्धता से ही वर्तमान व भविष्य की सुंदरता है : केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर

### केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर के मुख्य आतिथ्य व केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया की वर्चुअल अध्यक्षता में कृषि विश्वविद्यालय में हुआ तीन दिवसीय 11वीं नेशनल सीड कांग्रेस का शुभारंभ





ग्वालियर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि श्रृष्टि में जो कुछ भी है वह किसी न किसी बीज का ही परिणाम है। बीज की शुद्धता वर्तमान व भविष्य की शुद्धता व सुंदरता होती है। बीज फसल के ही नहीं संस्कारों के भी होते हैं। यदि खाद्यान्न व फल - सब्जी के बीज शुद्ध होंगे तो मनुष्यों के शारीरिक स्वास्थ्य की सुंदरता भी रहेगी। कृषि वैज्ञानिक जब विभिन्न किस्म के बीजों का अविष्कार करते हैं तो उससे देश और दुनिया आत्मनिर्भर होती है। श्री तोमर रविवार को यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में शुरू हुई 11वी राष्ट्रीय बीज कांग्रेस-2022 (नेशनल सीड कांग्रेस) के उदघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर भरोसा जताया कि राष्ट्रीय बीज कांग्रेस में देश भर से आए कृषि वैज्ञानिक विचार मंथन कर बीज को लोकोपयोगी बनायेंगे, जिससे देश आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेगा। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम की वर्चुअल अध्यक्षता की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में नवनिर्मित दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार का लोकार्पण भी अतिथियों ने किया।

कृषि विश्वविद्यालय के नवनिर्मित दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित हुए नेशनल सीड कांग्रेस के उदघाटन सत्र में प्रदेश के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री कमल पटेल, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर (वर्चुअल), महापौर ग्वालियर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार, भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव श्री अश्विनी कुमार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. आर सी अग्रवाल, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस के राव, आयोजन सचिव डॉ. एस के शर्मा, क्षेत्रीय निदेशक आईसीएआरडीए नईदिल्ली डॉ. शिवकुमार अग्रवाल व डॉ. सुरेश मोटवानी मंचासीन थे।

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने नेशनल सीड कांग्रेस के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज अधिकांश खाद्य फसलों के उत्पादन में विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में शामिल है। इसमें किसानों के परिश्रम व सरकार की किसान हितैषी नीतियों के साथ-साथ कृषि वैज्ञानिकों के अनुसंधानों का भी अहम योगदान है। उन्होंने इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती को ध्यान में रखकर ऐसे अनुसंधान करें, जिससे हर तरह की परिस्थिति में किसान अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकें। साथ ही देश दलहन व तिलहन उत्पादन में भी आत्मनिर्भर बने। श्री तोमर ने कहा कि कृषि की उन्नति के लिये सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है। लेकिन इसके लिये केवल अच्छी नीतियाँ व फण्ड ही पर्याप्त नहीं है, उच्च कोटि के बीजों के अविष्कार की भी जरूरत है, जिससे उत्पादकता बढ़े और देश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने। इसमें कृषि वैज्ञानिकों की महती जवाबदारी है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री तोमर ने कहा खुशी की बात है कि मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, श्रमजीवी एवं भारत माता के प्रति समर्पित महान व्यक्तित्व के नाम से राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में सभागार की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि उनके विचारों से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को भी राष्ट्रनिर्माण के लिये आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

### कृषि वैज्ञानिक ऐसी तकनीक खोजें जिससे हर परिस्थिति में अच्छा उत्पादन मिले - श्री सिंधिया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय नागरिक उड्डयन व इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आत्मनिर्भरता के साथ स्वास्थ्य व आर्थिक प्रगति के पहलू जुड़े होते हैं। इसलिए कृषि वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए किसानों को उन्नत कृषि तकनीक के रूप में ऐसे अस्त्र-शस्त्र प्रदान करें जिससे किसानों के साथ-साथ देश समृद्ध हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में किसानों की खुशहाली के लिये सरकार पूरे संकल्प भाव के साथ काम कर रही है। उन्होंने खुशी जाहिर की कि कृषि के क्षेत्र में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने नए आयाम स्थापित किए हैं।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने इस अवसर पर यह भी कहा कि उन्नत कृषि तकनीक की दिशा में नागरिक उड्डयन मंत्रालय भी कृषि विभाग के साथ समन्वय बनाकर ड्रोन तकनीक को बढ़ावा दे रहा है। इस तकनीक से किसानों के समय और कीटनाशकों पर होने वाले खर्च में तो कमी आती ही है। साथ ही किसानों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है और फसल उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी होती है। इस अवसर पर उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों को सुझाव दिया कि वे इस तीन दिवसीय विचार मंथन के दौरान जलवायु परिवर्तन से कृषि पर पड़ रहे प्रभाव का विश्लेषण करें और ऐसे बीज खोजें जो सूखे व पानी दोनों में अच्छा उत्पादन दे सकें।

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दत्तोपंत ठेंगड़ी का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने देश को नई दिशा दी। उनके नाम से विश्वविद्यालय ने एक सभागार की स्थापना कर सराहनीय पहल की है।

### किसानों ने विपरीत परिस्थिति में अर्थव्यवस्था मजबूत रखने में योगदान दिया है - श्री पटेल

प्रदेश के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि किसानों ने कोरोना जैसी विपरीत परिस्थितियों में भी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में अपना योगदान दिया है। सरकार इस बात से भलीभाँति वाकिफ है कि किसान आत्मनिर्भर बनेगा तो देश आत्मनिर्भर बनेगा। इसीलिए केन्द्र व राज्य सरकार ने किसानों की समृद्धि के लिये क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 76वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जय जवान - जय किसान - जय विज्ञान का नारा दिया है। कृषि वैज्ञानिक अच्छे-अच्छे अनुसंधानों के जरिए इसे साकार करने में अपना योगदान दें।

भारत सरकार के कृषि विभाग के संयुक्त सचिव श्री अश्विनी कुमार ने कहा कि तीन दिवसीय नेशनल सीड कांग्रेस में अच्छे किस्म के बीज उत्पादन की तकनीक विकसित करने के लिए निष्कर्ष निकाले जायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के हितों को ध्यान में रखकर एक ऐसी तकनीक विकसित की है, जिससे सरकार की निगरानी में किसानों तक उच्चकोटि का बीज पहुँच सकेगा।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपनिदेशक डॉ. आर सी अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि उत्कृष्ट शिक्षा परियोजना के तहत ग्वालियर के कृषि विश्वविद्यालय को भी मदद दी जा रही है, जिससे मध्यप्रदेश में कृषि उत्पादन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

स्वागत उदबोधन कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस के राव ने दिया। उन्होंने नेशनल सीड कांग्रेस की विषय वस्तु पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही अच्छे बीजों के महत्व को प्रतिपादित किया। आरंभ में केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर 11वी राष्ट्रीय सीड कांग्रेस का विधिवत शुभारंभ किया। कृषि विश्वविद्यालय परिसर में पहुँचने के बाद केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया।

### अत्याधुनिक सभागार का हुआ लोकार्पण

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य अतिथियों ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय परिसर में दत्तोपंत ठेंगड़ी के नाम से नवनिर्मित एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 750 व्यक्तियों की बैठक क्षमता वाले भव्य सभागार का लोकार्पण भी किया। लगभग 3 हजार 310 वर्ग मीटर में निर्मित इस सभागार का निर्माण लगभग 23 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से किया गया है। इस सभागार में 4 संगोष्ठि कक्ष, 2 लिफ्ट, कैफेटेरिया, रसोई घर, भण्डार कक्ष, महिला व पुरूषों के लिये अलग-अलग शौचालय, अतिविशिष्ट प्रतीक्षालय, पुरूष एवं महिलाओं के लिये अलग-अलग ग्रीन रूम इत्यादि सुविधाएँ शामिल हैं।

### कृषि वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं उन्नत कृषकों को किया सम्मानित

केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं अन्य अतिथियों ने सीड कांग्रेस के उदघाटन सत्र में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों, अनुसंधान में संलग्न विद्यार्थियों एवं उन्नत कृषकों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें संरक्षित खेती में अहम योगदान देने के लिये दतिया के कृषक श्री छत्रपाल सिंह पटेरिया, फसल विविधीकरण के लिये उज्जैन के कृषक श्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी व अंतरवर्तीय फसल प्रणाली के लिये नर्सिंगपुर जिले के कृषक श्री कृष्णपाल सिंह लोधी को 10 - 10 हजार रूपए की राशि के चैक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसी प्रकार राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा को श्रेष्ठ थीसिस पुरस्कार 2021 व डॉ. भरत लाल को प्रदान किया गया। इनके अलावा श्रेष्ठ महाविद्यालय श्रेणी पुरस्कार उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर, श्रेष्ठ विस्तार विशेषज्ञ पुरस्कार कृषि विज्ञान केन्द्र धार के कृषि वैज्ञानिक डॉ. गबू सिंह, श्रेष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार डॉ. सुष्मा तिवारी कृषि महाविद्यालय ग्वालियर, बेस्ट फार्म मैनेजर पुरस्कार केव्हीके झाबुआ के डॉ. जगदीश मौर्य को प्रदान किया गया। इसके अलावा अन्य कृषि वैज्ञानिकों को भी पुरस्कृत किया गया। साथ ही विभिन्न कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित शोध अनुसंधान पत्रों का भी इस अवसर पर अतिथियों ने विमोचन किया।

# व्यक्ति भगवान के उपकार को भूल जाता है वह संसार में भटकता रहता है : मुनिश्री

### मुनिश्री के पादप्रक्षालन व शास्त्रभेंट पार्श्वनाथ महिला मंडल माधोगंज ने किए



ग्वालियर। इस दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति जो कुछ भी प्राप्त करता है वह भगवान की कृपा से प्राप्त करता है जब वह कुछ पाने की ललक में रहता है तब वह यह भूल जाता है कि भगवान से हमें यह चीज मांगनी चाहिए या नहीं। भगवान की कृपा से उसकी पूर्ति भी हो जाती है। पूर्ति होने के बाद जो व्यक्ति अपने भगवान के उपकार को भूल जाता है वही संसार में भटकता रहता है। किंतु जो व्यक्ति संसार की हर एक वस्तु को पाकर की भगवान को कभी नहीं भूलता है वह हमेशा सुख शांति से जीवन व्यतीत करता है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर तत्वावधान में आज रविवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में आयोजित 48 दिवसीय श्री भक्तामर महामंडल विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुनिश्री ने कहा कि हम बचपन से लेकर अब तक हमेशा भगवान की भक्ति करते हैं। सुख हो या दुःख भगवान की भक्ति में हम कभी पीछे नहीं हटते। भगवान ने आपको सब कुछ दिया है तो बदले में हमने भगवान को क्या दिए हैं इस बात पर विचार करने वाला व्यक्ति निश्चित रूप से धर्मात्मा बन जाता है और भगवान की भक्ति करने लगता है। हमारे पास जो कुछ भी है भगवान की कृपा से आया है इसलिए हम संसार में रहे किंतु भगवान की भक्ति को ना छोड़ें। हम अपने जीवन में संसार के विषयों में हमेशा जागृत रहते हैं किंतु भगवान की भक्ति में सोए रहते हैं।

### भगवान आदिनाथ के मस्तक पर शांतिधारा हुई, भक्तामर विधान में पूजा अर्चना कर चढ़ाये महाअर्घ्य

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि भक्तामर विधान में श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने मंत्रो से इंद्रो ने भगवान आदिनाथ का जल से अभिषेक जयघोष के साथ किया। मुनिश्री ने भगवान आदिनाथ के मस्तक पर मंत्रो का उच्चारण कर शांतिधारा डॉलर जैन, पिंटू जैन परिवार ने की। भक्तामर विधान के प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन व ज्योतिषचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने विधानकर्ता पार्श्वनाथ महिला मंडल की महिलाओ सहित अन्य श्रद्धालुओं ने अष्ट्रद्रव्य पूजन कर भजन गायक शुभम जैन सैमी के भक्तिमय स्वरों के साथ भगवान आदिनाथ के समक्ष भक्तामर मढ़ने पर श्राद्ध भक्ति से साथ 48 महा अर्घ्य समर्पित करें। धर्मात्मा वही है, जो विषम परिस्थितियों में भी धर्म को नहीं छोड़ता।

मुनिश्री ने कहा कि जीव को ज्ञान के पूर्व सामान्य सत्ता का अवलोकन होता है। जैसी श्रद्धा होती है, वैसा ही ज्ञान होता है। जैसा ज्ञान होता, वैसा पुरुषार्थ होता है, इन्हें जीव को अपने आचरण में उतारना चाहिए। धर्म व ध्यान से आत्मा पवित्र होती है। जीव का कल्याण सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन, सम्यक चरित्र और तप से होता है। जब तीनों को समान रूप से एकता में पिरोया जाए, तो मोक्ष के भाव तैयार होते हैं। अशुचि भावना में जीव शरीर को पवित्र मानता है, आत्मा को नहीं। बिना धर्म ज्ञान के शरीर का स्वयं अवलोकन करोगे तो स्वयं से घृणा होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कुशवाह का भव्य स्वागत



ग्वालियर । पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह भाजपा पिछड़ा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री नारायण सिंह कुशवाहा को बधाई देने वालों में भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्षद्वय सुशील वर्मा, हमीर पटेल, नेता प्रतिपक्ष श्री हरि पाल, मंडल अध्यक्ष हरि ओम झा, उमेश भदौरिया, पूर्व पार्षद केशव माझी, पवन सेन, प्रहलाद प्रजापति, कमल रजक, राजू पाल, राम कुमार सोनी, भालचंद्र विश्वकर्मा गोपाल शर्मा, सतीश कुशवाह, पार्षद भगवान सिंह कुशवाह सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

### पुलिस ने चेकिंग में दबोचा वाहन चोर, चोरी के सात वाहन बरामद

ग्वालियर। शहर झांसी रोड थाना पुलिस ने विक्की फैक्ट्री के पास चेकिंग के दौरान एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के साथ वाहन बरामद किए हैं। पकड़ा गया चोर डबरा का रहने वाला है और वहां से ग्वालियर में वाहन चोरी करने आता था ।पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाना पुलिस विक्की फैक्ट्री के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी एक बाइक सवार तेज गति से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर वाहन सही ढंग से चलाने की समझाइस दी। इसके बाद बाइक सवार भागने लगा तभी पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि पकड़ा गया युवक शातिर वाहन चोर है ।पकड़े गए वाहन चोर का नाम अंशु उर्फ मुकेश सेन निवासी डबरा बताया गया है। पूछताछ के दौरान पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी के सात वाहन बरामद किए हैं। पुलिस आरोपी से वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### घर में चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार

ग्वालियर।शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में स्थित आदर्श नगर में पिछले दिनों की एक मकान से तीन लाख का माल चोरी करने वाले तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है ।जानकारी के अनुसार गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी मुकेश पाल के मकान से 5 हजार की नगदी और सोने चांदी के गहने सहित तीन लाख का माल चोरी हो गया था ।पुलिस ने जांच की तो पता चला कि मुकेश के यहां कुछ दिन पहले तीन लोग काम करने आए थे। उन्होंने स्वयं को और नारायण विहार निवासी बताया था ।पुलिस ने इसी आधार पर चोरों की तलाश की तो नारायण विहार कॉलोनी से पुलिस ने कमल बंशकार आकाश और राजेश नामक तीनों चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है ।

# गुस्से में भाई की हत्या

**बिना पूछे घास काटने पर नाराज किसान ने भाई के सिर में मारी कुल्हाड़ी, मौत**



ग्वालियर। ग्वालियर के बेहट में कुंआ के पास लगी घास काटने पर नाराज बड़े भाई ने पत्नी और बेटों के साथ मिलकर छोटे भाई की मारपीट कर सिर में कुल्हाड़ी मार दी। घटना बेहट के दंगियापुरा की है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दम तोड़ दिया। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद हत्या का मामला दर्ज कर मृतक का शव पीएम हाउस भेज दिया है। एएसपी राजेश डंडोतिया ने बताया कि बेहट थाना क्षेत्र के दंगियापुरा निवासी होतम कुशवाह किसान है और दो दिन पहले घर के पास स्थित कुंआ पर लगी घास काट रहे थे, क्योंकि घास के कारण निकलने में परेशानी हो रही थी। होतम अभी घास काटकर घर पहुंचा ही था कि तभी उसके बड़े भाई अंगद सिंह, अंगद की पत्नी लीला देवी, उनके बेटे अवधेश और अखिलेश लाठी, कुल्हाड़ी व अन्य हथियार लेकर आए और घास काटने को लेकर उसकी मारपीट करना शुरू कर दिया।

### तब तक पीटा, जब तक बेहोश ना हुआ

इसके बाद आरोपियों ने होतम के सिर में कुल्हाड़ी मार दी और उसे तब तक लाठी, डंडों से पीटा, जब तक कि वह बेहोश नहीं हो गया। बेहोश होने के बाद आरोपी वहां से चले गए और घायल होतम को पत्नी तथा अन्य लोग लेकर जेएएच पहुंचे। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखकर आईसीयू में भर्ती किया गया था और देर रात होतम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। होतम की मौत का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या का मामला दर्ज कर मृतक का शव पीएम हाउस भेज दिया है।

### आरोपी घर पर ताला डालकर फरार

होतम की मौत के बाद पुलिस आरोपियों को दबोचने के लिए उनके घर पर पहुंची, तो पता चला कि आरोपी घर पर ताला डालकर फरार हो गए है। इसका पता चलते ही पुलिस की दो टीमें आरोपियों की तलाश के लिए रवाना हो गई है। पुलिस अफसरों का कहना है कि सुराग मिल गया है।

# अंबेडकर की शरण में प्रीतम, वीडी-नरोत्तम के खिलाफ समर्थकों ने की नारेबाजी

### बोले- प्रीतम प्यारे अब गरीबों के लिए लड़ेगा

ग्वालियर। ब्राह्मणों के खिलाफ टिप्पणी करने के बाद भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित किए गए प्रीतम लोधी ने भोपाल से लौटकर शनिवार देर रात अपना शक्ति प्रदर्शन किया। भाजपा से निकाले जाने के बाद वह बाबा अंबेडकर की शरण में पहुंचे हैं। ग्वालियर आते ही वह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ फूलबाग अंबेडकर पार्क पहुंचे। यहां प्रीतम ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने संगठन के बैनर पर गरीबों की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। प्रीतम ने फिलहाल किसी दूसरी पार्टी में जाने से इनकार किया।

भाजपा में वापसी के मामले में बोले कि गरीब जो फैसला करेंगे, उसका पालन किया जाएगा। प्रीतम ने कहा अब बाल ठाकरे, अन्ना हजारे की तरह प्रीतम प्यारे कुछ करके दिखाएगा। इस दौरान वीडी शर्मा-नरोत्तम के खिलाफ समर्थकों ने नारेबाजी की और जयभीम के नारों की गूंज सुनाई दी है। प्रीतम ने गरीब और अमीर के लिए अलग-अलग कानून होने की बात कही। प्रीतम लोधी के तेवर से साफ है कि वह बगावत कर चुके हैं।

ग्वालियर के दबंग नेता व उमा भारती के करीबी प्रीतम लोधी का तीन दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में वह ब्राह्मणों के खिलाफ टिप्पणी करते हुए नजर आ रहे थे। इसके बाद यह मामले ने तूल पकड़ा। ब्राह्मणों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। जिस कारण प्रीतम लोधी पर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में आधा दर्जन से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गईं।

# भव्य नंदोत्सव समारोह संपन्न



ग्वालियर। आनंद नगर सुधार समिति की महिला शक्ति द्वारा ब्रह्माण्ड नायक प्रभु श्री कृष्?ण जी के जन्मोत्सव (जन्माष्?टमी) के उपलक्ष्य में दिनांक 21 अगस्त को आनंद नगर के बडे पार्क में नंदोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार उपस्थित रही। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती गीता धाकरे द्वारा महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार का शॉल, श्रीफल एवं पुष्?प माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला शक्ति की अध्यक्ष मीना चौहान, सचिव सीमा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष शर्मिला वर्मा मौजूद रही।

महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने अपने उद्बोधन में समिति की महिला शक्ति पदाधिकारियों को दायित्व ग्रहण करने पर बधाई दी और कहा कि वह जन समस्याओं के निराकरण एवं ग्वालियर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। कार्यक्रम में श्रीमती गीता सिकरवार की संगीत टीम ने राधाकृष्?ण के भजनों, बधाई गीतों एवं झांकियों की एक से बढ़कर एक ऐसी प्रस्तुतियां दी कि उपस्थित जन को ऐसा लगने लगा कि वह बृजभूमि वृंदावन धाम में बैठे हुए हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478